संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 19 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 168 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

-स्वामी विवेकानंद"

# मां गंगा ने मुझे गोद लिया: पीएम मोदी

● मैं दिन-रात ऐसे ही मेहनत करूंगा; मेरा सपना पूरी दुनिया की डाइनिंग टेबल पर भारतीय अनाज हो

**सम्मेलन**

**काशी के लोगों को डबल बधाई, आपने सिर्फ एमपी नहीं बल्कि लगातार तीसरी बार पीएम भी चुना है : पीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में ट्रांसफर किया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने काशी की जनता को उन्हें लगातार तीसरी बार सांसद और प्रधानमंत्री बनाने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बनारस के हर मतदाता का लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी वासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। ये बनारस के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि काशी के लोगों ने सिर्फ अपना एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। इसलिए आपलोगों को तो डबल बधाई। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

### पीएम मोदी ने किसान सम्मान की 17वीं किस्त जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। इसमें 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त भेजी गई है। कुल 20 हजार करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में ये राशि भेजी। इससे पहले 28 फरवरी को योजना की 16वीं किस्त जारी हुई थी। तब 21 हजार करोड़ से ज्यादा रकम ट्रांसफर की गई थी। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में 6000 रुपए ट्रांसफर करती है। कोई और अन्य सवाल है तो इसके लिए आपको पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर फार्मर कॉर्नर में हेल्प डेस्क पर जाना होगा।

**आपका यह विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है:** पीएम मोदी ने काशी की जनता का आभार जताते हुए कहा कि आपका आभारी हूं, आपका ऋणी हूं। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वो वाकई अभूतपूर्व है। इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया।

## राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना अन्नदाता किसान: योगी



**किसान हितैषी**

**अपने कार्यों और लोकप्रियता से तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ : सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

मोदी जी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी के द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (20 हजार करोड़ रुपये से अधिक) का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। साथ ही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**अपने कार्यों के माध्यम से पीएम मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचान:** सीएम योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मां गंगा के यशस्वी पुत्र नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे तो बनारसी स्टाइल में गमछा उनके गले में दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेहदीगंज में किसान सम्मेलन को संबोधित करने के बाद माँ गंगा का दर्शन और आशीर्वाद लेने दशाश्वमेध घाट पहुंचे।

## पुंछ सेक्टर के सूरनकोट में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुंछ।** जम्मू कश्मीर में पुंछ सेक्टर के सूरनकोट के बेहरमगला में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पिछली नौ तारीख को हुए रियासी आतंकी हमले के बाद से ही सेना और पुलिस जवानों द्वारा खोजी अभियान चल रहा है। इससे पहले श्रीनगर के नजदीक बांदीपोरा के अरागम इलाके के गुरिहाजन में रविवार देर रात मुठभेड़ हुई थी। इसमें लश्कर-ए-तैयबा उमर लोन नामक एक आतंकी को सेना ने मार गिराया। वह लश्कर-ए-तैयबा संगठन के 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था।

पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू: जानकारी के अनुसार बेहरमगला में दोनों ओर से करीब पांच मिनट तक गोलीबारी हुई है। उसके बाद आतंकियों की तरफ से फायरिंग बंद होने पर सुरक्षाबलों ने भी अपनी तरफ से फायरिंग रोक दी। मौजूदा समय में पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी है। बता दें कि रियासी आतंकी हमले (9 जून) के बाद जम्मू क्षेत्र में यह छठी आतंकी घटना है।

## धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक: सुप्रीम कोर्ट



**टिप्पणी**

**अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उस की गंभीरता से जांच होनी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों और पेपर लीक की शिकायतों को लेकर सड़क से अदालत तक उतरे छात्रों का दर्द सुप्रीम कोर्ट को भी महसूस होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी में गड़बड़ियों के बारे में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा इसका संकेत देते हुए कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उस की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र सरकार से कहा कि इन सभी मामलों को प्रतिकूल मुकदमेबाजी की तरह नहीं लिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने डॉक्टर बनने का सपना संजोए नीट के लिए कड़ी मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों की व्याकुलता समझते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कितनी मेहनत करते हैं।

**कोर्ट ने किया सचेत:** सुप्रीम कोर्ट ने सिस्टम से धोखाधड़ी कर डॉक्टर बनने वालों से समाज को होने वाले खतरे के प्रति सचेत करते हुए कहा कि उस स्थिति की कल्पना करें, जहां किसी व्यक्ति ने सिस्टम के साथ धोखाधड़ी की और डॉक्टर बन गया। वह समाज के लिए अधिक घातक है। शीर्ष अदालत ने एनटीए से कहा कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए उसे दृढ़ रहना चाहिए। अगर गलती हुई है तो उसे स्वीकार करना चाहिए कि हां गलती हुई है और हम ये कार्रवाई करने जा रहे हैं।

## पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना हवाई अड्डा निदेशक के मुताबिक, यह धमकी ई-मेल से आई है। धमकी मिलने के बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। सर्च ऑपरेशन में जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। मंगलवार की दोपहर चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी एक मेल के जरिए बम की सूचना मिली।

## किरण-श्रुति चौधरी का इस्तीफा, भाजपा में होंगी शामिल

**कांग्रेस को झटका**

**विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, चुनाव में बेटी को टिकट नहीं मिलने के बाद से नाराज थी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगने वाला है। लोकसभा चुनाव में बेटी को टिकट नहीं मिलने के बाद से पार्टी के खिलाफ मुखर कांग्रेस विधायक किरण चौधरी व उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सभी समर्थकों को दिल्ली में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। वह दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल होंगी। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रह सकते हैं। किरण अपनी बेटी श्रुति के लिए भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस से टिकट मांग रही थी, मगर पार्टी ने उनकी जगह महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया। हालांकि चुनाव में उनकी हार हुई। उसके बाद राव दान सिंह ने बिना नाम लिए चौधरी पर भितरघात का आरोप लगाया था।

## लॉरेंस बिश्नोई के वायरल वीडियो से हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लॉरेंस कथित रूप से पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। मौजूदा समय में लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। इससे पहले वह एक निजी चैनल को जेल से इंटरव्यू देने के बाद सुर्खियों में आया था। इस मामले की जांच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा गठित टीम कर रही है। लॉरेंस बिश्नोई पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई देता है। 17 सेकेंड के वायरल वीडियो में में शहजाद भट्टी लॉरेंस को बताया है कि दुबई वगैरह में ईद आज हो गई है। पाकिस्तान में कल होगी। लॉरेंस पूछता है कि आज नहीं है? इस पर शहजाद भट्टी कहता है कि दूसरे देशों में आज है। बाकी कल होगी। इसके बाद लॉरेंस कहता है कि कल करूंगा बात।

## 9 राज्यों में हीटवेव, यूपी-बिहार में गर्मी से 107 मौतें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के उत्तरी राज्यों में गर्मी का दौर लगातार जारी है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रयागराज लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 47 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में लू से 90 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, प्रशासन इसे मानने से इनकार कर रहा है। प्रशासन का



कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा की मौतें गर्मी की वजह से हुई है, लेकिन डॉक्टरों का साफ कहना है कि ज्यादातर मौतें हीटवेव और हीट स्ट्रोक से हुई है। उधर, बिहार में सोमवार को लू से 17 लोगों की मौत हुई। हालांकि, इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। औरंगाबाद में सोमवार को तापमान 46.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। छत्तीसगढ़ में गर्मी को देखते हुए समर वैकेशन 25 जून तक बढ़ाई गई हैं। यहां स्कूल 26 जून से खुलेंगे। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल नहीं खोले जा रहे हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में मानसून के 4 दिन में पहुंचने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश) में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को स्वाति मालीवाल की चिट्ठी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बीती** 13 मई को दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई घटना के बाद एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। स्वाति मालीवाल ने अपने मामले को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं को चिट्ठी लिखी है और उन्होंने मिलने का समय भी मांगा है। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि उन्होंने इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पर काम किया है और नौ सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की। पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पे काम किया है।

**कैबिनेट निर्णय**

### देहरा में पीडब्लयूडी का एससी कार्यालय और एसपी दफ्तर खोलने की मंजूरी

## हिमाचल पुलिस भर्ती के लिए आयु सीमा बढ़ी

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गत दिवस को प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस छूट के साथ अब सामान्य वर्ग के उम्मीदवार 18 से 26 वर्ष की आयु तक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस विभाग में कांस्टेबल



पद की भर्ती के लिए पात्र होंगे। मंत्रिमण्डल ने नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा

**स्वीकृति प्रदान**

**आरक्षी के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई**

अधिकारियों के 200 पद सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त, मंत्रिमण्डल ने राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को मंजूरी प्रदान की। लोगों को घर द्वार के निकट बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए डा. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में प्रोफेसर के तीन तथा एसोशिएट प्रोफेसर के दो पद, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नैरचौक, मंडी में प्रोफेसर के दो तथा एसोशिएट प्रोफेसर का एक पद, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के चार तथा एसोशिएट एवं सहायक प्रोफेसर के पांच-पांच पद भरे जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का कल करेंगे उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 19 जून को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2016 मे नालंदा के भग्नावशेष को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था। विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। इस उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य शामिल होंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी। परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी कुल बैठने की क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें लगभग 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्र छात्रावास है। इसमें अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं। यह परिसर एक नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। यह सौर संयंत्र, घरेलू और पेयजल शोधन संयंत्र, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकाय और कई अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर रूप से कार्य करता है। नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास से गहरा संबंध है। लगभग 1600 वर्ष पूर्व स्थापित किए गए मूल नालंदा विश्वविद्यालय को विश्व के प्रथम आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है।

**लौट रहा वैभव**

**मूल नालंदा विश्वविद्यालय को विश्व के प्रथम आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है**

# एफएनजी विहार में केबल फुंकने से छह घंटे गुल रही बिजली



**खराबी दूर की**

▶▶ विद्युत निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने खराबी दूर कर रात तीन बजे सुचारु की आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** गढ़ी गांव के पास बसे एफएनजी विहार में केबल फुंकने से सोमवार आधी रात को अचानक बिजली गुल हो गई। विद्युत निगम के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बाद छह घंटे में रात करीब तीन बजे आपूर्ति सुचारु हो पाई।

एफएनजी विहार के आसपास गढ़ी गांव का डूब क्षेत्र है। यहां अवैध रूप से आबादी की बसावट है। इन बसावटों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था नहीं है। इसके कारण यहां रहने वाले लोग चोरी की बिजली से अपना घर रोशन कर रहे हैं। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार रात लोगों ने अवैध रूप से कटिया डालकर विद्युत लाइन खींचने का प्रयास किया। केबल गलत जुड़ने की वजह से करीब 200 मीटर तक आग लग गई। सूचना पर एसडीओ व जेई समेत विद्युत निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। केबल को काट कर उसके स्थान पर नया केबल जोड़ा गया। वहीं एफएनजी विहार निवासी पवन कुमार का आरोप है कि विद्युत निगम के वैध विद्युत कनेक्शन के बाद भी उन्हें आए दिन बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। दिन के समय में आठ से दस घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। गर्मी बढ़ने के बाद रात में भी तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। दीपक का कहना है कि अधिक वोल्टेज के कारण टीवी, फ्रीज, कूलर, पंखा समेत उपकरण भी फुंक चुके हैं। मंगलवार सुबह सेक्टर-119, 120, 121, 122, 72, 74, 76, 78 समेत सेक्टरों में दो से तीन घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली कटौती के कारण हमारी सोसाइटी में जनरेटर का उपयोग बढ़ गया है, जिससे बिजली का बिल अत्यधिक आ रहा है। जनरेटर के शोर और धुएं से बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है और उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बिजली विभाग की अनियमित कटौती और बार-बार होने वाले फाल्ट से परेशानी हो रही है। घर के महत्वपूर्ण कार्य जैसे कि खाना बनाना, बच्चों की पढ़ाई, और अन्य घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

# अमेजन फ्रेशः भारत के 130 से अधिक शहरों तक हुआ सुविधा का विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश का विस्तार 130 से ज्यादा शहरों तक करने की घोषणा की है। यह ग्रॉसरी सर्विस गीले और सूखे ग्रॉसरी के सामान जैसे फलों, सबज़ियों, चिल्ड प्रोडक्ट, ब्यूटी, बेबी, पर्सनल केयर और पालतू जानवरों के प्रोडक्ट के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरत के दूसरे सामानों की डिलीवरी करती है। अमेजन फ्रेश सेलर्स 11,000 से ज्यादा किसानों से फल और सब्जियों की खरीद करते हैं। इसके बाद यहां ह्य4-स्टेप क्वालिटी चेकह्ल की मदद उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। अंबाला, औरंगाबाद, होशियारपुर, धारवाड़, ऊना, सूरी और अन्य जैसे 130 से ज्यादा शहरों में अब ग्राहक अपनी साप्ताहिक/मासिक शॉपिंग लिस्ट तैयार करते समय अमेजन फ्रेश सेलर्स और बैंक पार्टनर्स की ओर से पेश की जा रही शानदार बचत और रोमांचक डील्स का फायदा उठा सकते हैं। अमेजन फ्रेश इन के डायरेक्टर श्रीकांत राम ने कहा, "अमेजन फ्रेश भारत में किराने की खरीदारी को एकदम नया स्वरूप दे रहा है। हम भारत के 130 शहरों में अपने ग्राहकों के दरवाजे तक ताजे फल और सब्जी के साथ ही रोजमर्रा की जरूरत की चीजें पहुंचा रहे हैं।

हमारा तेजी से विस्तार और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों पर हमारा ध्यान ग्राहकों की सेवा करने और उन्हें ताजे फल सब्जी और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, यहां पर ग्राहकों को कैशबैक, ऑफर और बैंक छूट का लाभ भी मिलता है, जिससे उनकी हर खरीदारी और भी किफायती हो जाती है।"

## गुमशुदा की तलाश



मोहम्मद मुस्ताख

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः मोहम्मद मुस्ताख पुत्रः** मुसतफ़ाक **निवासीः** पी–3 / 134, सुल्तानपुरी, दिल्ली, **उम्रः** 30 वर्ष, जो कि अपने घर से 16.06.2024, सांय 6.45 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं. 48ए, दिनांक 17.06.2024** के तहत **पुलिस स्टेशन सुल्तानपुरी, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया। उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–

**रंगः** सांवला, **कदः 5'2" चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** लोअर और टी–शर्ट पहने हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरूष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन नं.: **011-28070679**
वेबसाइटः **http://cbi.nic.in**

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन, सुल्तानपुरी, दिल्ली
फोनः 8373932892

**DP/7580/OD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **श्रमती लता शर्मा**, पत्नीः **श्री सतिंदर सिंह**, पताः म.नं. **8614**, न्यू रोहतक रोड, गौशाला रोड, रतन नगर, नई दिल्ली–110005 ने **CC No. 532370/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना देश बंधु गुप्ता रोड, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रमती लता शर्मा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रमती लता शर्मा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 532370/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना देश बंधु गुप्ता रोड, नई दिल्ली** के अभियुक्त **श्रमती लता शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी–05
कमरा नं. 02, एनेक्सी–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7524/CD/2024**

# डाबला तालाब में मनाया गया विश्व मरुस्थलीकरण दिवस



**अशोक कुमार निर्भय**
**नई दिल्ली/जयपुर।** विश्व मरुस्थलीकरण पर सूखे और पर्यावरण से निपटने के लिए आवश्यक सहयोग के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने का दिवस मनाया जाता है। यह दिवस बंजर भूमि को स्वस्थ भूमि में बदलने पर केंद्रित है। मुझे शब्दों के मुताबिक विशेषज्ञ बताते हैं कि भूमि बहाली आर्थिक सुधार में बहुत योगदान दे सकती है। भूमि बहाली में निवेश करने से रोजगार और आर्थिक लाभ भी हो सकता है। विश्व मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने का दिवस एक अनूठा आयोजन है जो दुनिया के लोगों को याद दिलाता है कि भूमि क्षरण तटस्थता तभी हासिल की जा सकती है जब सभी स्तरों पर सहयोग हो, समुदाय की मजबूत भागीदारी हो और समस्या का समाधान हो। यह दिन टिकाऊ भूमि प्रबंधन पर देशों द्वारा की गई प्रगति का भी जश्न मनाता है और दुनिया में क्या किया जाना चाहिए ताकि भूमि क्षरण तटस्थता गरीबी में कमी, भोजन, जल सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, शमन और अनुकूलन के लिए एक ठोस आधार प्रदान करे। मरुस्थलीकरण शुष्क, अर्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमि का क्षरण है।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 30–35 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5फुट 3इंच, **रंगः** सांवला, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** लाल रंग की शॉर्ट्स पहने हुए है, **बरामदी स्थलः** जो फुटपाथ पर पीपीजी रोड, रेलवे फाटक के पास मंडावली, दिल्ली में 16.06.2024 को मृत पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 25A, U/s 174 CrPC,** दिनांक **16.06.2024,** थाना–मंडावली, जिला–पूर्व, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थानाः मंडावली, जिला–पूर्व, दिल्ली
फोनः 9968115770, 8750508051

**DP/7553/ED/2024**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ लाल बहादुर कुमार, पुत्रः** श्री दामोदर राम, **पताः** मकान नं.–990, वीर सिंह हाउस, गांव, रिठाला, दिल्ली; दूसरा पता : बिधुपुर, थाना बिधुपुर, जिला–वैशाली, पटना, बिहार; तीसरा पता : मकान संख्या 908, वीर सिंह गार्ड रिठाला, अवंतिका, सेक्टर–7 रोहिणी, दिल्ली; चौथा पता – मकान संख्या 990 गली नंबर 5, रिठाला, दिल्ली ने **FIR No. 1285/2016, U/s 323/509 IPC & 8 POCSO Act, थानाः विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ लाल बहादुर कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ लाल बहादुर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1285/2016, U/s 323/509 IPC & 8 POCSO Act, थानाः विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ लाल बहादुर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विरेन्द्र सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीएससी) (पॉक्सो)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7485/RD/2024**
**(Court Matter)**

## सीएम के पास पहुंची मोटो जीपी की जांच रिपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा।** देश में पहली बार मोटो जीपी कराने वाली फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स कंपनी को दोषी करार देने वाली रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंच गई है। यमुना प्राधिकरण की ओर से तैयार रिपोर्ट के आधार पर सख्त कार्रवाई की संभावना है। रिपोर्ट पर 16 जून को बैठक होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल आगे बढ़ा दिया गया है। कंपनी की ओर से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पिछले वर्ष सितंबर में हुई पहली भारतीय मोटो जीपी रेस मामले में भारी अनियमितता पाई गई है। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने इस पूरे मामले की जांच की है।

# कपड़ा सिलाई फैक्ट्री में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** गांधीनगर इलाके के रघुबरपुरा में मंगलवार सुबह कपड़ा सिलाई फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री खुलने पर कर्मचारियों ने एमसीबी को ऑन किया था, जिसमें शॉर्ट सर्किट होने पर चिंगारी निकली थी। उससे आग लगते ही कर्मचारी बाहर आ गए। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल की छह गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन उसके बाद कूलिंग का काम काफी देर तक चलता रहा। सुबह 9:55 बजे रघुबरपुरा की गली नंबर छह में करीब 400 मीटर अंदर जैन मंदिर से आगे चार मंजिला फैक्ट्री की पहली मंजिल पर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई।

**चार बड़ी गाड़ियां मेन रोड से अंदर नहीं जा पाईं तो...:** गली संकरी होने के कारण दमकल की चार बड़ी गाड़ियां मेन रोड से अंदर नहीं जा पाईं। 16 हौज पाइप बिछाकर फैक्ट्री में आग बुझाने की व्यवस्था की गई। इतनी देर में आग दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल तल फैल गई। इस फैक्ट्री में दो मंजिलों पर गोदाम और दो पर सिलाई होती थी। दिक्कत के चलते दमकल की दो छोटी गाड़ियां मंगवाई गईं। ये गाड़ियां अंदर तक पहुंचीं, इसके सहारे सुबह करीब 11:54 बजे आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन कूलिंग का काम इसके बाद भी चलता रहा।

**पुलिस कर रही मामले की जांचः** दमकल विभाग के एडीओ यशवीर सिंह मीणा ने बताया कि फैक्ट्री के कर्मचारियों ने आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। कर्मचारियों ने जानकारी कि जब सुबह फैक्ट्री खुलने के वक्त एमसीबी से बिजली चालू की गई, तभी उसमें चिंगारी उठी और आग लग गई। ऐसा होते ही वह बाहर आ गए थे।

## अपहृत की तलाश



कुमारी अंशिका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नामः** कुमारी अंशिका, **पुत्रीः** भदुए राम, **पताः** पी–34 / बी शंकर विहार, नई दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 17 साल, **कदः** 5'5", **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** गुलाबी रंग का कुर्ता एवं काली जींस पैंट तथा पैरों में सफेद जूते पहने है, जो अपने घर से दिनांक 13.06.2024 से अपहृत है। इस संदर्भ में **FIR No. 102/2024, U/s 363 IPC, दिनांक 14.06.2024,** थाना वसंत विहार, नई दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थानाः वसंत विहार, नई दिल्ली
फोनः 7065036221, 011-26152577

**DP/7444/SW/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू सिंह पुत्र नाथू सिंह,** निवासी मकान नंबर 34 गली नंबर 4, ढिचाऊँ एन्क्लेव निकट ढिचाऊँ डिपो नजफगढ, नई दिल्ली ने **FIR No. 111/19 U/s 379/411 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **रणहौला,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 111/19 U/s 379/411 IPC.,** थानाः **रणहौला,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह, MM-08,
कमरा नंबर 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7376/OD/2024

# आचार्य प्रमोद कृष्णम का कांग्रेस पर तंज, प्रियंका गांधी को दी शुभकामनाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए अहम भूमिका निभाने वाली प्रियंका गांधी पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हमला किया है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान पर प्रियंका गांधी का पार्टी में कद छोटा करने की बात कही है। प्रमोद कृष्णम ने अपने राजेंद्र नगर स्थित आवास पर बातचीत में कहा कि कांग्रेस ने हिंदुओं पर भरोसा नहीं किया। यदि पार्टी नेतृत्व हिंदुओं पर विश्वास करती तो प्रियंका गांधी को दूसरी जगह से चुनाव लड़ाती। हालांकि, उन्होंने वायानाड सीट पर हो रहे उपचुनाव में प्रियंका गांधी को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। बीते सोमवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक की और राहुल गांधी की संसदीय सीट को लेकर फैसला किया। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़ेंगे और रायबरेली अपने पास रखेंगे। इसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं जरनैल काजल पुत्र श्री धर्मपाल अपना नाम बदलकर जरनैल सिंह करता हूं। भविष्य में मुझे जरनैल सिंह के नाम से जाना जाए। पता : 980 ए, गली नंबर-1, चौ. फूल सिंह इन्कलेव, नई शिवाजी कालोनी, करनाल।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पीजीआई रोहतक में स्थापित किया जाएगा ट्रांसप्लांट सेंटर: सीएम नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**मुख्यमं**त्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को यहां कहा कि पीजीआई रोहतक में जल्दी ही ट्रांसप्लांट सेंटर स्थापित किया जाएगा। यहां पीजीआई रोहतक की किडनी ट्रांसप्लांट टीम को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारता और सुलभ बनाना चाहती है। सरकारी संस्थानों में तो मुफ्त इलाज होना चाहिए।उन्होंने कहा कि जब योजना बनाई जाती है तो रास्ते भी खुल जाते है। नायब सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस साल में देश को 24 एम्स दिए है।ह रियाणा के झज्जर में एम्स स्थापित हैं। रेवाड़ी में एम्स का शिलान्यास किया गया है। प्रदेश के 18 जिलों में मेडिकल कॉलेज काम करने लगे है। समारोह में किडनी ट्रांसप्लांट टीम के डॉ विवेक ठाकुर, डॉ गौरा शंकर पांडेय, डॉ अंकुर गोयल, डॉ अरुण दुआ,



डॉ ममता भारद्वाज, डॉ आशीष, डॉ सुखवीर सिंह, डॉ दीप्ति और डॉ ईश्वर सिंह को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक कर लिए जाने से पूरे देशदुनिया में रोहतक पीजीआई का नाम रोशन हुआ है। इस संस्थान में इलाज इतना कारगर हो कि कोई मरीज यहां से भेजा न जाए।उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के तहत काम कर रही है कि सभी स्वस्थ रहकर सौ वर्ष का जीवन जिए।गुप्ता ने कहा कि रोहतक पीजीआई की प्रतिष्ठा इतने उच्च स्तर पर रहे कि नीट के छात्र दिल्ली के बजाय रोहतक का विकल्प दे।

उन्होंने कहा कि दान में मिले अंगो को प्रत्यारोपण के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के लिए कॉरिडोर मुहैया कराया जाएगा और इसके लिए मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में हेलीपेड स्थापित किए जाएंगे।

## लोकसभा के बाद अब विधानसभा चुनाव जीतने की कवायद में जुटी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के बाद अब भाजपा विधानसभा चुनाव को जीतने की तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में सोमवार को चंडीगढ़ में जिला अध्यक्षों और प्रदेश प्रभारियों की दो महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें हुईं। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दोनों बैठकों में आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि आने वाले चुनाव में भाजपा का कार्यकर्ता मजबूत इरादों और ताकत के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगा। बैठक में श्री सैनी ने सभी पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव की रणनीति और संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी 313 मंडलों पर योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें भाजपा के कार्यकताओं की संख्या अधिक से अधिक होनी चाहिए। बैठक में संगठनमहामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया, सांसद कृष्ण लाल पंवार सहित सभी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी ताकत और कार्यकर्ता ही हमारा गौरव है। कार्यकताओं के पुरुषार्थ और अथक मेहनत से ही भाजपा मजबूती से आगे बढ़ रही है।

## रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का हल होगा: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** रेलवे लाइन के साथ ज्ञान नगर में रेलवे प्रसाशन ने पुलिस की टीम को साथ लेकर अस्थायी रूप से बने निर्माण को जेसीबी चलाकर तोड़ दिया, प्रसाशन ने चूना डालकर लाइन खींच दी कि इसके बाहर जो भी निर्माण होगा उसे तोड़ देंगे। रेलवे लाइन के दोनों तरफ दीवार खड़ी करने को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन, पार्षद इन्दु वलेचा ने मौके पर पंहुचकर अधिकारियों से बातचीत की और दीवार खड़ी करते समय घरों के लिए रास्ता छोड़ने का आग्रह किया। बाद में दोनों नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय में नागरिकों के साथ समाधान कैम्प में पंहुचकर उपायुक्त की अनुपस्थिति में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा से रेलवे द्वारा ज्ञान नगर एवं सुंदर सांवरी के मकानों को रास्ता देने के लिए बदले में जमीन देने की कार्रवाई जल्द से जल्द अमल में लाने की मांग की। रेलवे प्रसाशन ने मकान मालिकों को






सामान निकालने के लिए 18 जून तक का समय दिया था, रेलवे अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को बताया कि अभी तक नगर निगम ने रास्ते के बदले जमीन देने की फाइल लटका रखी है, इसलिए हमें बार बार ऊपर से आदेश हैं की दीवार खड़ी की जाये ताकि हाई स्पीड ट्रैन चलाई जा सके। नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने आश्वस्त किया कि वह जल्द ही रेलवे अधिकारियों से बातचीत करके समस्या का हल करवाएंगे।

## मोदी नीट की परीक्षा पर चर्चा से बच रहे हैं : अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पर बहुत चर्चा करते थे, लेकिन आज जब पूरा देश और लाखों विद्यार्थी प्रधानमंत्री को नीट के पेपर पर चर्चा के लिए कह रहे हैं तो प्रधानमंत्री कहीं नजर नहीं आ रहे। नीट की परीक्षा पर कोई चर्चा करने को तैयार नहीं है। कैसे नीट का पेपर लीक हुआ, कैसे कई कई बच्चों के पूरे मार्क्स आए और किस प्रकार से एक भाजपा नेता के एग्जाम सेंटर पर ग्रेस मार्क्स देकर पूरे नंबर दिए जाते हैं। इसकी जांच होनी चाहिए और इस पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन अब प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा नहीं करते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसे व्यक्ति धर्मेंद्र प्रधान को देश का शिक्षा मंत्री बना दिया है जिसने शिक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर एक शब्द भी नहीं लिखा। जब पूरे देश में चर्चा होने लगती है कि शिक्षा मंत्री शिक्षा के बारे में ही बात नहीं करते तब जाकर उनके मुंह से नीट की परीक्षा में हुए घोटाले को लेकर शब्द निकलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन्ही धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा में चुनाव प्रभारी बनाकर भेज दिया। हरियाणा के युवा की नजर में धर्मेंद्र प्रधान वो विलेन हैं जिसने उनका भविष्य बर्बाद किया है। शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की जगह भाजपा ने शिक्षा मंत्री को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बना दिया। उन्होंने कहा कि



**पूछा सवाल**

**भाजपा नेता के एग्जाम सेंटर पर दिए गए ग्रेस मार्क्स से कई छात्रों के पूरे नंबर कैसे आए?: अनुराग ढांडा**

शिक्षा मंत्री से शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कराना चाहिए। उनको चुनव लड़ाने की मशीनरी में इस्तेमाल करना दिखाता है कि बीजेपी की प्राथमिकता शिक्षा नहीं है। बल्कि बीजेपी की प्राथमिकता हमेशा से चुनाव रहा है। बीजेपी चुनाव के लिए युवाओं का भविष्य भी दांव पर लगा सकती है। धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसलिए हरियाणा में आने से पहले उनको याद रखना चाहिए कि नीट की परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में बेहद गुस्सा है। नीट की परीक्षा में क्या धांधली हुई, इसमें बीजेपी के कौने से नेताओं का हाथ है और नीट के पेपर को लीक करने की साजिश किसके सरंक्षण में रची गई।

## बिजली-पानी की किल्लत से जनता में हाहाकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** आज प्रदेश में बिजली-पानी की किल्लत के चलते हाहाकार मचा हुआ। लेकिन बीजेपी सत्ता सुख में मदहोश आंखें बंद किए बैठी है। जो पार्टी जनता की बिजली-पानी जैसी आधारभूत जरूरतों को भी पूरा नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा प्रदेश में गहराए बिजली-पानी के संकट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिजली की किल्लत के चलते ना सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि लोगों के काम-धंधे व उद्योगों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। हुड्डा ने कहा जनता को गर्मी के बीच बिजली और पानी



किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बिजली उत्पादन में हरियाणा सरप्लस स्टेट बन गया था। प्रदेश के पास खुद के इतने पावर प्लांट और उत्पादन क्षमता हैं कि वह प्रदेश की जरूरत पूरी करने में सक्षम है। लेकिन बीजेपी इन पावर प्लांट्स से पर्याप्त बिजली उत्पादन नहीं कर रही है।

कई यूनिट्स बंद पड़े है। इसके कारण प्रदेश को अन्य निजी कंपनियां पर आश्रित होना पड़ता है। मांग बढ़ने के

**सरकार को घेरा**

**बिजली उत्पादन के लिए प्रदेश के पावर प्लांट्स की पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर रही सरकार- हुड्डा**

बाद ना कोई नया कारखाना लगा ,ना कोई नई यूनिट का उत्पादन हुआ पिछले दस साल में । बीजेपी द्वारा हर बार गर्मी के मौसम में यहीं खेल खेला जाता है। निजी कंपनियां बिजली की किल्लत का लाभ उठाती हैं और सरकार को कई गुना महंगे रेट पर बिजली बेचती हैं। इसका भुगतान आम जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर किया जाता है।

## पानी को तरस रहे लोग: कृष्ण सातरोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार: सरकार** द्वारा जल जीवन योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी प्रदेश के लोग पानी को तरस रहे हैं। मूलभूत जरूरत पानी के लिए अब जनता सडकों पर उतरना शुरू हो गई है और धरने-प्रदर्शन तक दिए जा रहे हैं। यह बात युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पार्षद कृष्ण सातरोड़ ने मंगलवार को गांव रायपुर में पानी की समस्या से ग्रस्त ग्रामीणों के बीच कही। पानी की समस्या से परेशान गांव की महिलाएं मंगलवार को कृष्ण सातरोड़ के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य विभाग, हिसार के दफ्तर पहुंचे और वहां मौजूद विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग उठाई। कृष्ण सातरोड़ ने कहा कि प्रशासन तुरंत ग्रामीणों की पानी की समस्या का समाधान करे। कृष्ण सातरोड़ गत दिवस गांव सुलखनी में भी जल संकट को लेकर दिए जा रहे धरने पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन तुरंत प्रभाव से गांव के पीने के पानी की समस्या का समाधान करे। पानी के लिए सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती है क्योंकि उन्हें दैनिक कार्यों के लिए हर समय पानी की आवश्यकता रहती है।

## पत्नी से विवाद के चलते व्यक्ति ने लगाया फंदा

**यमुनानगर: पत्नी** से अलग रह रहे एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना रामपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाष नगर निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार की तीन साल पहले फर्कपुर निवासी महिला के साथ प्रेम विवाह हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसका केस कोर्ट में विचाराधीन है।

## 30 जून को सुनीता केजरीवाल की रैली के लिए दिया निमंत्रण: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र/कैथल**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेदार, पेहवा और गुहला विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का आभार जताया और चरखी दादरी में 30 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल की रैली का निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड, लीगल विंग के उपाध्यक्ष विकास तोमर और लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर 30 जून को चरखी दादरी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल आ रही हैं। जिसके लिए लोगों को आमंत्रित किया और चुनाव के क्या क्या मुद्दे होने चाहिए उसको लेकर सुझाव लिए गए। आम आदमी पार्टी पूरी ताकत और नई ऊर्जा के साथ 30 जून को विधानसभा चुनाव का आगाज




करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव लड़ा, जिसमें हमें 5 लाख 13 हजार से ज्यादा वोट मिले। यदि हमें 15 हजार वोट और मिल जाते तो हम जीत जाते, इसलिए मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। आम आदमी पार्टी ने जितने वोट लिए जेजेपी, इनेलो और बसपा ने 10 लोकसभा सीटों पर लड़कर यानी 30 उम्मीदवारों ने भी इतनी वोट नहीं लिए जितने आम आदमी पार्टी को एक सीट पर मिले उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के गांवों में तो हम जीते लेकिन शहरी क्षेत्र में मेन स्ट्रीम मीडिया के 400 पार के गुणगान का असर रहा। आम आदमी पार्टी 90 विधानसभाओं और हर बूथ पर अपनी तैयारी कर रही है। गठबंधन का फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के एजेंटों ने मेरे पार्टी छोड़ने की अफवा फैलाई। मैं अरविन्द केजरीवाल का सच्चा सिपाही हूं और हम पूरे तन मन धन के साथ विधानसभा चुनाव को लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ हिटवेव चल रही है और दूसरी तरफ पानी और बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

## सड़क हादसे में 4 वर्षीय बच्ची की मौत, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** मंगलवार को हथीन के आलीमेव गांव में बाइक सवार व्यक्ति के टक्कर मारने से घर के सामने खेल रही एक चार वर्षीय बच्ची की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार आलीमेव गांव निवासी साबिर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह दूध बेचने का काम करता है। उसके पास उसके भाई अलीसेर का फोन आया कि किसी अज्ञात वाहन ने आपकी चार वर्षीय बेटी समरीन को टक्कर मार दी है।



हमने आरोपी बाइक चालक का पीछा भी किया, लेकिन वह फरार हो गया। अब हम बच्ची को लेकर मेडिकल कॉलेज नल्हड़ (नूंह) जा रहे है, आप नल्हड़ मेडिकल कॉलेज आ जाओ।सूचना मिलने पर वे नल्हड़ मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो वहां डॉक्टरों ने मेरी बेटी को मृत घोषित कर दिया। बहीन थाना प्रभारी रेणू शेखावत ने

**दर्दनाक**

**पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया**

मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना की सूचना पर बहीन थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने इस संबंध में पिता की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

## रोड़वेज की बसों में मिलेगा ठंडा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने बढ़ती गर्मी के कारण हरियाणा राज्य परिवहन की सभी बसों में यात्रियों के लिए पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। आज राज्य परिवहन हरियाणा के निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी महाप्रबन्धकों को निर्देश दिए गए हैं कि राज्य परिवहन, हरियाणा की सभी बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को पानी के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े। निदेशों में आगे कहा गया है कि वर्तमान में लगातार बढ़ते तापमान के कारण गर्मी का स्तर बढ़ता जा रहा है जिस कारण बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को भी परेशानी हो रही है।

## अमृत मित्र को 15 पेयजल सेंपल, लिकेज व अस्वच्छ कनेक्शन वेरिफाई का मिला टारगेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: सहायक** संगठन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि शहर में प्रत्येक घर तक स्वच्छ व गुणवता युक्त पेयजल पहुचाने कें लिए विभाग कृतसंकल्प है। जिसके तहत अमृत 2.0 योजना में जींद व नरवाना शहर में स्वयं सहायता समूह की अमृत मित्र द्वारा 15-15 पेयजल सैंपल, लिकेज व अस्वच्छ कनेक्शन वेरिफाई का कार्य किया जा रहा है। वे मंगलवार को सवयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण करने के दौरान

**गुणवतायुक्त**

**15-15 पेयजल के सैंपल एकत्रित कर-के पेयजल जांच के लिए विभाग की लैब में जमा करवाने होते हैं**

उपभोक्ताओं सें बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर अमृत मित्र द्वारा पेयजल सैंपल एकत्रित करने, उनका रिकोर्ड आनलाइन करने, लीकेज व अस्वच्छ कनैक्शन वेरिफाई करने व उन्हें शिकायत निवारण की साइट पर अपलोड करने का विडियो भी बनाया गया व उपभोक्ताओं को दिखाया गया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि प्रदेश सरकार व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरों में गुणवत्तायुक्त पेयजल पहुंचाने के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत करीब दो महीने पूर्व जींद व नरवाना शहर में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों में से अमृत मित्र लगाए गए हैं।

इन अमृत मित्रों को प्रत्येक शहर से प्रतिदिन 15-15 पेयजल के सैंपल एकत्रित करके पेयजल जांच के लिए विभाग की लैब में जमा करवाने होते हैं।

## हिसार: चलती कार में लगी आग, चालक फौजी ने कूदकर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** जिले के नारनौंद क्षेत्र के गांव बास अनाज मंडी के पास मंगलवार को एक चलती कार में आग लग गई। अचानक कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने इसकी सूचना बास दमकल विभाग को दी जिस पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आधी से ज्यादा कार जल चुकी थी। गनीमत रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। कार चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। उगालन गांव निवासी आर्मी में हवलदार के पद पर तैनात अजीत फौजी ने बताया कि वह मंगलवार को घर से हिसार कैंट पर ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। बास में पहुंचकर अनाज मंडी के सामने स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर गाड़ी में डीजल डलवाने के लिए रुका तो पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने उसे बताया कि कार के इंजन में आग लगी हुई है। कार कर में लगी आग को देखकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने कार चालक अजीत फौजी को कहा कि कार के अगले हिस्से में आग लगी हुई है जल्दी से गाड़ी को बाहर निकालो। उसके बाद उन्होंने तुरंत कार को पेट्रोल पंप से निकालकर भिवानी चंडीगढ़ रोड पर खड़ा कर दिया। इसके बाद कार धू धू कर जलने लगी। अजीत फौजी ने हिम्मत जुटाकर आर्मी का आई कार्ड कार से निकाला, जलती कार को वहीं पर छोड़कर तुरंत बस पकड़ कर ड्यूटी के लिए चल पड़े। उन्होंने कहा कि उनके लिए कार से ज्यादा जरूरी उनकी ड्यूटी है। घटनास्थल के आसपास खड़े लोगों ने अजीत फौजी का अपनी ड्यूटी व जान खतरे में डालकर कार से निकले गए आर्मी के आई कार्ड के प्रति समर्पण को देखकर लोगों ने अजीत फौजी को सैल्यूट कर उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना बास पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी।

## नीट नहीं क्लीन, नए सिरे से परीक्षा कराए सरकार : कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ ।/सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लगातार उठ रहे सवालों से साफ है कि नीट परीक्षा बिल्कुल भी क्लीन नहीं है। भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार को नए सिरे से नीट का एग्जाम लेना चाहिए। जिस तरह की हेराफेरी अभी तक उजागर हुई हैं, उससे साफ है कि केंद्र सरकार के इशारे पर लाखों छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना चकनाचूर किया जा रहा है। एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट व अभ्यर्थियों को लगातार गुमराह कर रहे हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि नीट (यूजी)-



2024 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 16 मार्च के 24 दिन बाद 9-10 अप्रैल को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एक दिन के लिए रजिस्ट्रेशन की विंडो खोली तो उस पर 24 घंटे के दौरान 24246 नए आवेदन भरे गए। इन आवेदकों में से कितने क्वालीफाई हुए और कितने टॉप रैंकर्स बने, इस पर एनटीए और शिक्षा मंत्रालय जानकारी सार्वजनिक नहीं कर पा रहे हैं। नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 620 से 720 के बीच अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 13-15 हजार के बीच रहती थी, लेकिन इस बार यह पांच गुणा तक कैसे बढ़ गई। खास बात तो यह रही कि

**मांग**

**एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट व अभ्यर्थियों को कर रहे गुमराह: कुमारी सैलजा**

केवल हाई स्कोर छात्र ही बढ़े, जबकि कम अंक लाने वालों में कोई बड़ा इजाफा नहीं हुआ, प्रतिशतता में तो ये कम ही हुए। देखा जाए तो 620-720 के बीच अंक लेने वाले 58263 छात्र हो गए। कुमारी सैलजा ने कहा कि नीट से जुड़ी देश भर की सभी कड़ियों को जोड़ा जाए तो पता चलता है कि इसमें बड़े पैमाने पर धांधली, पेपर लीक व अन्य तमाम तरह की सैटिंग हुई हैं। परीक्षार्थियों को मनचाहा सेंटर देने के मामले में गुजरात पुलिस ने अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 2.3 करोड़ रुपये के चेक मिले हैं। बिहार पुलिस ने पेपर लीक मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को जले हुए नीट पेपर भी मिले, लेकिन एनटीए इस बात को मानने से क्यों इंकार कर रहा है। नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि समय खराब होने के चलते 1563 छात्रों को अलग-अलग ग्रेस अंक दिए गए। लेकिन, इसके लिए न तो एनटीए की गवर्निंग बॉडी से मंजूरी ली गई और न ही यह बताया जा रहा कि किसके कहने पर क्लैट में समय खराब होने के बदले ग्रेस अंक के फॉमूर्ले को अपनाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने

# प्रकाश उत्सव समागम में पहली लड़ी के भोग उपरांत ही श्री अखंड पाठ साहिब की दूसरी लड़ी का हुआ शुभारंभ

## संस्था की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने समागम में पहुंची संगत किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव समागम में श्री अखंठ पाठ साहिब की पहली लड़ी के समापन एवं दूसरी लड़ी के शुभारंभ पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा के विभिन्न जिलों से संगत ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शीश नवाने पहुंची। संगत ने दस गुरु साहिबान की ज्योत एवं चॅवर-छत्र के मालिक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष सुख शांति एवं स्मृद्धि की कामना की। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की गुरु चरणों में अरदास की। यहां पहुंची संगत का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उप प्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की ओर से स्वागत किया। यही नहीं, संगत को गुरु घर की सेवा के लिए भी बीबी अजराना ने प्रेरित किया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना व कार्यकारिणी समिति मैंबर टीपी सिंह सहित संस्था के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में संगत ने श्री अखंठ पाठ साहिब का श्रवण करने के साथ-साथ गुरुद्वारा परिसर में सेवा भी की। समागम के चलते आसपास के क्षेत्र की संगत भी भारी गिनती में गुरुद्वारा साहिब पहुंची। संगत ने अपनी-अपनी मनोकामनाओं के चलते गुरु चरणों में अरदास भी करवाई।

**समागम**

**▶▶ गुरु घर के प्यारों ने संगत को गर्मी से राहत दिलाने के लिए जहां एक ओर ठडे पानी की छबील लगाई**

उधर बढ़ते तापमान के चलते गुरु घर के प्यारों ने संगत को गर्मी से राहत दिलाने के लिए जहां एक ओर ठडे पानी की छबील लगाई, वहीं दूसरी ओर जलजीरे की सेवा भी की गई। वहीं मंगलवार को भी दस्तार प्रशिक्षण एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर चलता रहा। जहां एक ओर दस्तार युवा प्रशिक्षक सिमरनजीत सिंह, परमिंदर सिंह, महताब सिंह, गुरदेव सिंह, रशप्रीत सिंह ने युवाओं व बच्चों को सुंदर दस्तार सजाने का प्रशिक्षण दिया, वहीं दूसरी ओर मॉडर्न पैथ लैब की टीम ने संगत के स्वास्थ्य की जांच करते हुए जरुरत अनुसार उन्हें दवाइयां भी दी। समागम में सहयोग करने वाली श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली, शबद चौकी जत्था, श्री सुखमणि सेवा सोसायटी (गुरुद्वारा पट्टा साहिब), श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा सोसायटी, हेमकुंठ साहिब सेवा सोसायटी, भाई तारु सिंह सेवा दल, हरि के सेवक जत्था, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, गुरु नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल का स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने आभार जताया। सात दिवसीय इस समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के उप सचिव अमरिंदर सिंह धंतौड़ी, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं कपाल मोचन बिलासपुर के मैनेजर हरकीरत सिंह, सहायक सुपरवाईजर गुरलाल सिंह, वजिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, खंजाची सुखविंदर सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने प्रबंध का मोर्चा संभाला।

# श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी ने छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी अंबाला शहर के तत्वाधान में महावीर जैन चौक पर शरबत की छबील लगाई गई। यहां दिन भर हजारों राहगीरों व यात्रियों को मीठे पानी का शर्बत वितरित किया गया। इससे गर्मी से बेहाल लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली और लोग शरबत पीकर तृप्त दिखाई दिए। श्री मणीभद्र वीर यंग सोसायटी के सचिव संकेत जैन ने बताया की 45 डिग्री का आलमं यह है की नल का पानी भी गरम होने लगा है । चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए मीठे पानी की छबिल लगाई गई है। प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है। छबील को सफल बनाने में सदस्य विकुल जैन,मनन जैन,नव्यम जैन,दिव्यम जैन,विकुल जैन,आर्यन जैन, वरुण जैन,पुनीत जैन,करून जैन,गौरव जैन का विशेष योगदान रहा।

**पानी पिलाया**

**▶▶ दिन भर हजारों राहगीरों व यात्रियों को मीठे पानी का शर्बत वितरित किया गया**

# रानी लक्ष्मीबाई भारत के लिए महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसालः डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में रानी लक्ष्मी बाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवन काल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई वर्तमान भारत के लिए महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल हैं।




कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। लक्ष्मीबाई को अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। यह विचार वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित वीरांगना संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये।

# 6000 रुपये घूस मांगने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः बिजली** विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सीयन) ने सेवा का अधिकार कानून के तहत अपील मिलने पर बिजली विभाग कर्मियों को नोटिस जारी कर 20जून को रिकॉर्ड सहित तलब किया है। बिजली कर्मियों पर नया घरेलू बिजली कनेक्शन लेने के आवेदन को छह हजार रूपए घूस न मिलने पर आवेदन रद्द करने का आरोप है।

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि उन्होंने गत 22 मई को नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए रजिस्ट्री की कॉपी,आधार कार्ड व सिक्योरटी राशि सहित ऑन लाइन आवेदन किया था। आरोप लगाया कि 10 जून को मौका मुआयना करने आये बिजली कर्मियों ने आवेदन मंजूर कराने के बदले उनके सहायक से छह हजार रुपये की घूस मांगी। घूस न मिलने पर बेतुकी आपति लगा कर आवेदन रिजेक्ट कर दिया। इसके खिलाफ 12 जून को उन्होंने समाधान प्रकोष्ठ प्रभारी एवं एसडीएम अमित कुमार को लिखित शिकायत दी। लेकिन यूएचबीवीएन के एसडीओ हिम्मत सिंह ने आवेदन के दस्तावेज चैक करने के बाद आरोपियों का ही पक्ष लेते हुए कहा कि उन्हें पावर नहीं है, इसलिए दोबारा से आवेदन कर दो।

कॉमरेड कपूर ने गत 15 जून को सेवा का अधिकार कानून के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं एक्सीयन को ऑन लाइन शिकायत कर दी । एक्सीयन एम एस धीमान ने आरोपी बिजली कर्मियों को नोटिस भेज 20 जून को सुनवाई के लिए रिकॉर्ड सहित तलब किया है ।

# मंत्री असीम के आदेशों पर ड्रेनों, नालों की सफाई का चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला शहर में स्थानीय विधायक व परिवहन एवं महिला बाल विकास मंत्री के आदेशों पर युद्ध स्तर पर ड्रेनों, नालों व नालियां तथा शहर की सफाई का अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसमें मंत्री असीम गोयल जी द्वारा पार्टी के कार्यकताओं की टीम भी दिनरात सफाई अभियान के लिए निकली हुई है। इस काम में नगर निगम, सिंचाई विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों भी भरपूर सहयोग दे रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता सुरेन्द्र घई टीटू ने बताया कि घग्गर से नदी से लेकर बलदेव नगर तक अम्बाला ड्रेन का काम सिंचाई विभाग द्वारा करवाया जा रहा है जोकि यहां काम युद्ध स्तर पर जारी है। बीते रोज तक गांव देवीनगर तक कार्य पूर्ण हो चुका था। आज देवीनगर से लेकर मनमोहन नगर तक ड्रेन की सफाई पूरी हो जाने की सम्भावना है। बलदेव नगर में भी हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे अम्बाला ड्रेन की सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है। घई ने बताया कि अम्बाला शहर में सेशन ड्रेन, इंको ड्रेन, घेल ड्रेन का भी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी प्रकार अम्बाला शहर में सैक्टर -7 में ड्रेन का काम युद्ध स्तर पर जारी है।





अंडर ब्रिज रेलवे लाईन के नीचे रेलवे विभाग द्वारा की गई लापरवाही से जो रूकावट पानी के निकालने में पैदा हो रखी है उस पर भी काम जारी है। जोकि कल तक पूर्ण होने की सम्भावना है। अम्बाला शहर में बहुत जल्दी नालों की सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। घई ने बताया कि उनके साथ मंडल अध्यक्ष अमन सूद, स्वर्ण सैनी, सुरेन्द्र मलहोत्रा, ललित मलहोत्रा, पूर्व एमसी राजबीर, जोगिन्द्र हांडा, राजेन्द्र शर्मा व नगर निगम अधिकारी रिक्की दिनरात सफाई अभियान में जुटे हुए हैं

तथा विधायक असीम गोयल जी को प्रतिदिन काम की प्रगति रिपोर्ट दे रहे हैं और मंत्री असीम गोयल जी व रितेश गोयल इसकी मोनिटरिंग कर रहे हैं।

# शहीद हेड कांस्टेबल सुशील कुमार बीएसएफ को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** प्रधान गुरदेव सिंह सैनी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने शहीद हेड कांस्टेबल सुशील कुमार बीएसएफ को श्रद्धांजलि और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता जी को किया सम्मानित ।एक सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्री गुरदेव सिंह सैनी ,श्री विमल शर्मा चेयरमैन इंस्पेक्टर आइटीबीपी ,रोशन लाल अरकबीएसएफ जनरल सेक्रेटरी, हवलदार महेंद्र सिंह कोऑर्डिनेटर और हवलदार बीएसएफ पाला राम पेहवा भी मौजूद रहे सभी ने मिलकर शहीद परिवार को आश्वासन दिलाया और उनकी मुश्किलें भी सुनी और उनका समाधान भी बताया। शहीद हवलदार सुशील कुमार बीएसएफ की याद में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और पिहोवा वासियों ने मिलकर क्रिकेट टूनार्मेंट भी करवाया और जीतने वाली टीम को सम्मानित किया और इनाम भी बांटे और संगठन के प्रधान गुरदेव सिंह सैनी और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तरफ से शहीद के परिवार को 5100 रुपए भी हेल्प के लिए भेंट किये गए।



# आध्यात्मिक जागृति आधि व्याधि का उपचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 18 जून ( कुलदीप राठी )**

संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जायेगा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस का विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग दिया गया है जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है।

**योग शिविर**

**▶▶ अंतराष्ट्रीय योग दिवस का विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग दिया गया है**

संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जायेगा।

योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक शारीरिक,मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

# सुरजेवाला पार्टी हाई कमान के एक निष्ठावान सिपाही : बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला हाई कमान के एक निष्ठावान सिपाही है। सुरजेवाला हरियाणा वासियों की समस्याओं समझने वाले निडर नेता है और जनता ने इनको हरियाणा मुख्यमंत्री मान लिया है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाल काफी समय से उत्तरी हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के लिए सक्रिय है। उनकी मेहनत का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव में पांच में से तीन लोकसभा उतरी हरियाणा से जीते है।

# ज्ञान सिंह बैरागी सीता माई का पैनल हुआ विजयी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरियाणा बैरागी महासभा का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें समाज के लगभग 2500 गण मान्य व्यक्तियों सहित लगभग 600 मतदाताओं ने भाग लिया। चुनाव में सुभाष चंद मलिक गांव गोली व ज्ञान सिंह बैरागी गांव सीतामई अपने अपने पैनल के साथ भाग ले रहे थे ।मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 9 बजे तक सुचारू रूप से संपन्न हुई ।चुनाव में बैरागी समाज की सक्रिय भागीदारी के साथ लगभग 85 प्रतिशत मतदान हुआ ।मतदान के बाद मौके पर ही मतपत्रों की गिनती के बाद ज्ञान सिंह बैरागी सीतामाई के पैनल को विजयी घोषित किया गया ।इस पैनल में (1) ज्ञान सिंह बैरागी गांव सीतामाई प्रधान (2) देवेंद्र कुमार दिल्ली वरिष्ठ उप प्रधान ( 3) जय सिंह भिंडारी उप प्रधान (4)देवेंद्र कुमार पप्पू उप प्रधान (5)दया सिंह स्वामी सचिव (6)सुशील चित्रा सह सचिव एवम राम निवास बैरागी कोषाध्यक्ष पद पर विजय घोषित हुए ।प्रधान ज्ञान सिंह बैरागी ने शांति पूर्ण चुनाव करने के लिए समाज का आभार प्रकट किया ।सचिव दया सिंह स्वामी ने कहा कि समाज ने हमारे पैनल पर जो विश्वास जताया है।



**परचम लहराया**

**▶▶ धर्मशाला और समाज की तरक्की में कोई कसार नहीं छोड़ेंगे : दया सिंह स्वामी**

हम समाज के लोगो के साथ मिलकर धर्मशाला कुरूक्षेत्र व हरिद्वार तथा समाज की उन्नति के लिए भरसक प्रयास करेंगे। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्ण एवम पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

# शिविरों में प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा है समाधानः शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जनता के लिए हरियाणा सरकार की नई पहल के तहत जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजन मानस की जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है, प्रयास किया जाता है कि उस समस्या का मौके पर ही समाधान हो, इस दिशा में संबंधित अधिकारी लगे हुए है। प्रार्थियों से शिकायत पत्र लेकर संबंधित विभाग को मार्क किए जा रहे है ताकि प्रार्थी की शिकायत का समय रहते समाधान हो सके। उपायुक्त शांतनु शर्मा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुने रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नगराधीश रमन गुप्ता, डीएसपी अशोक कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



उन्होंने कहा कि प्रोप्टी आईडी से संबंधित आमजन की समस्याओं का दस्तावेज के आधार पर कैटेगरी सहित मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में करीब 70 शिकायतों को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर के तहत प्रोप्टी आईडी से संबंधित शिकायत, आधार कार्ड में नाम व पता अपडेशन बारे, पैंशन लगवाने बारे, जन्म प्रमाण से संबंधित त्रुटि ठीक करवाने बारे, पीपीपी में आय ठीक करवाने बारे, लड़ाई-झगड़े से संबंधित मामले में कार्रवाई किए जाने बारे के साथ-साथ अन्य शिकायते प्रार्थियों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से उपायुक्त व नगराधीश को दी।

**समाधान शिविर**

**▶▶ जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

नगराधीश ने इस मौके पर बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों व उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में पिछले 1 सप्ताह से जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में फैमिली आईडी प्रोप्टी आईडी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायत, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा। इसके साथ-साथ आमजन की अन्य समस्याओं को भी शिविरों के माध्यम से सुना जा रहा है और संबंधित विभाग को इसका समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि सभी शिकायतों को कम्पाईल करते हुए संबंधित विभाग को मार्क करते हुए इसकी रिपोर्ट मुख्यालय भी भिजवाई जा रही है। समाधान शिविर के माध्यम से कुछ शिकायतें ऐसी भी आ रही है, जिसका मौके पर समाधान किया जा रहा है और जो अन्य शिकायतें होती है, उन्हें संबंधित को मार्क करते हुए इनका समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किए जाने बारे निर्देश दिए जा रहे है।

# डॉ. आशीष को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिली डॉक्टरेट उपाधि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर, डॉ. आशीष अनेजा को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कुलपति डॉ. संभाजी राजाराम, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर, केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित विद्या वाचस्पति - विशेष सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट उपाधि-2024 से सम्मानित किया गया है। हरियाणा से यह उपाधि प्राप्त करने वाले डॉ. अनेजा एकमात्र डॉक्टर हैं।




इस अवसर बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष अनेजा ने कार्यक्रम के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जीवन में मानव की सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा एक डॉक्टर होने के नाते मानव समाज की सेवा करना नैतिक जिम्मेवारी भी है और मानव धर्म भी है। उन्होंने कहा कि मानवता के कल्याण के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था बनाने में सभी सहयोगियों ने मिलकर सहयोग दिया इसलिए सभी संस्थाएं और सहयोगकर्ता भी बधाई के पात्र हैं। गौरतलब है कि मधुमेह के क्षेत्र में उत्कृष्ट जन सेवा कार्यों और 500 से ज्यादा फ्री हेल्थ कैंप लगाने के लिए बेहतरीन सेवा कार्यों के लिए पहले भी डॉ. अनेजा को स्वास्थ्य रत्न सेवा श्री सम्मान, मातृभूमि समाज सेवा गौरव अवार्ड सहित अनेकों सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

# बरसाती पानी निकासी के 24 बड़े नाले व राम नगर नाला की सफाई हुई

## जून में सभी मुख्य नालों की सफाई होगी पूरी : अभिषेक मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि मानसून से पहले शहर के सभी मुख्य नालों की सफाई का कार्य चालू मास के अंतिम सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसे लेकर लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम की इंजीनियरिंग विंग मिशन मोड में कार्य कर रही है। बरसाती नालों की सफाई कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शहर की भिन्न-भिन्न लोकेशन्स पर मौजूद 24 बड़े नालों की सफाई पूरी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त राम नगर नाला, जो काछवा पुल से शुरू होकर मीरा घाटी आई.पी.एस. (इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन) तक जाने वाले नाले की सफाई का कार्य भी



मुकम्मल हो गया है। इस नाले की लंबाई करीब 4200 मीटर है। उन्होंने बताया कि अगर बरसाती दिनों में किसी जगह पर सफाई की दोबारा आवश्यकता हुई तो उसे भी करवाया जाएगा। कर्ण कैनाल नाला की सफाई चालू सप्ताह में होगी पूरी- उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल नाले की सफाई का काम भी जोरों से चल रहा है। इसके फेज-3 की सफाई मुकम्मल हो गई है, जबकि फेज-2 की सफाई इसी सप्ताह में मुकम्मल कर ली जाएगी। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे से आगे की ओर जाने वाली ड्रेन नम्बर-1 की सफाई भी तेजी से करवाई जा रही है। एन.एच.-44 से सेक्टर-4 पुलिया तक ड्रेन के अंदर से जमी

**साफ-सफाई**

**शहर में निगम के अधीन 11 डिस्पोजल हैं, इनके संचालन और रख-रखाव करने का टेण्डर खुल चुका है**

गाद व घास-फूस को पोकलेन मशीन से निकालकर सफाई की जा रही है। इसके तहत जितना सम्भव बन पा रहा है, ड्रेन की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी निर्बाध रूप से प्रवाहित हो सके। इसका करीब 60 प्रतिशत कार्य मुकम्मल किया जा चुका है। आर.सी.सी पाईप व बॉक्स ड्रेन की जल्द पूरी होगी सफाई- उन्होंने बताया कि नूर महल चौक से फूसगढ़ रोड तक ग्रीन बेल्ट के अंदर से गुजर रहा नाला व फूसगढ़ से छपरा खेड़ा तक आर.सी.सी. पाईप नाला की सफाई करवाई जा रही है। दोनों ड्रेन का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त क्लॉक टावर से मुगल कैनाल को जाने वाली बॉक्स ड्रेन की सफाई भी 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इनका शेष कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। 11 डिस्पोजलों के संचालन और रख-रखाव का टेण्डर खुला- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में निगम के अधीन 11 डिस्पोजल हैं, इनके संचालन और रख-रखाव करने का टेण्डर खुल चुका है। अब इस पर काम शुरू होगा, जो अगले साढे 3 महीने तक चलेगा।

# राज्य मंत्री सुभाष सुधा करेंगे तीन दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन

**योग शिविर**

**शिविर में शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुभाष सुधा मुख्य अतिथि रूप से उपस्थित रहेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग को बढ़ावा देने के लिए योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मद्देनजर फव्वारा पार्क सेक्टर बारह में 3 दिवसिय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुभाष सुधा मुख्य अतिथि रूप से उपस्थित रहेंगे । दिनेश गुलाटी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इस विशेष शिविर में विभिन्न योग विशेषज्ञ और प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे



और योग साधकों को निशुल्क अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि योग संबंधित प्रशिक्षण, जानकारी और योग के शारीरिक और मानसिक प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया जाएगा। अधिक से अधिक लोग जुडकर इस शिविर से लाभान्वित हो सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मिशन की सभी कक्षाओं के साधक एक साथ योग करेंगे। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग और प्राणायाम द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इसके लिए अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाना आवश्यक है और योग इसके लिए सबसे बेहतर तरीके से कार्य करता है। योग द्वारा हम लंबी उम्र तक स्वस्थ रह सकते हैं। भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम विलोम प्राणायाम से श्वास संबंधी सभी रोगों को दूर होते हैं।

# समाधान शिविरों में आए 59 में से 31 मामलों का हुआ निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार यहां लघु सचिवालय में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने की। वे खुद लोगों के बीच पहुंचे और संबंधित कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी शिकायतों का निवारण कराया। जिला में आयोजित शिविरों में 59 शिकायतें आई, जिनमें से 31 का मौके पर ही निपटारा किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर हर कार्य दिवस पर यहां लघु सचिवालय में परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्टरी, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नकशे की मंजूरी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिला में आयोजित शिविरों में

**निवारण**

**खुद लोगों के बीच पहुंचे और संबंधित कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी शिकायतों का निवारण कराया।**

आज 31 शिकायतों का निपटारा किया गया। 28 शिकायतें अभी लंबित हैं। इनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। जिला में आयोजित शिविरों में पीपीपी से संबंधित 38 में से 29, प्रॉपर्टी आईडी संबंधी 3 में से 2 शिकायतों का निपटारा किया गया है। अपराध संबंधी सभी 9 शिकायतें अभी लंबित हैं। जहां तक करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित शिविर का सवाल है वहां नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रिड) से संबंधित 18 शिकायतें पहुंची, जिनमें से 14 का समाधान कर दिया गया।

# 80 से अधिक शिकायतों का निपटारा, 22 तक शिविर रहेगा जारी

**विशेष शिविर**

**डाटा की जांच व अपडेशन के लिये पांचवें दिन भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा आज यहां जिला सचिवालय में परिवार पहचान पत्र से संबंधित डाटा की जांच व अपडेशन के लिये पांचवें दिन भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 120 शिकायतें



प्राप्त हुईं, जिनमें से 80 से अधिक का मौके पर ही निपटारा किया गया। लंबित शिकायतों के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज शिविर में 60 बुजुर्गों की पैंशन संबंधी प्रक्रिया को पूरा किया गया। इन्हें अगले महीने से 3 हजार रुपये पैंशन मिलनी शुरू हो जायेगी। शिविर में 6 लोगों के बीपीएल कार्ड बनाये गये। इसके अलावा सात लोगों की जन्म तिथि संबंधी जांच को पूरा किया गया। हैप्पी कार्ड के लिये 23 लोग शिविर में पहुंचे जिनकी परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय ठीक पाई गई यानि एक लाख से अधिक। हैप्पी कार्ड एक लाख तक की आय वाले परिवारों को ही देने का प्रावधान है।

यह कैंप 22 जून तक जारी रहेगा। देहात में बीडीपीओ कार्यालयों में भी ऐसे ही शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों जन्म तिथि वेरिफिकेशन, नाम अपडेट, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, पीपीपी की अन्य त्रुटियों को मौके पर ही दूर किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में अरविंद, अंकित, वेद प्रकाश, प्रदीप का विशेष सहयोग रहा। यह शिविर रोजाना सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाता है।

# कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन कल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिला में जिन किसानों ने वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत अनुदान पर स्ट्रॉ बेलर व स्ट्रॉ रेक लिए हैं, उनका पुनः भौतिक सत्यापन 20 जून को किया जायेगा।

सहायक कृषि अभियंता कुलबीर सिंह ने बताया कि ब्लॉक असंध व निसिंग के किसान नई अनाज मंडी असंध में तथा ब्लॉक करनाल, घरौंडा, इंद्री व नीलोखेड़ी के किसान नई अनाज मंडी करनाल में 20 जून को प्रातः 10 बजे कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन करा सकते हैं। यदि कोई किसान किसी कारणवश स्वयं उपस्थित नहीं हो सके तो वह अपना अधिकृत प्रतिनिधि कृषि यंत्रों के साथ भेज सकता है।

# द हंस फाउंडेशन ने किया रणनीतिक समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**

नोएडा । द हंस फाउंडेशन की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, मासिक धर्म स्वास्कथ्कय और स्कवच्कछता विषय पर रांची के जिला अस्कपताल के कॉन्कफ्रेंस हॉल में आयोजित राष्कट्रीय सम्कमेलन में आज तीन प्रमुख एमओयू पर हस्कताक्षर किए गए। यह महत्कवपूर्ण समझौते पूरे भारत में मासिक धर्म से जुड़े स्कवास्कथ्कय और स्कवच्कछता मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के द हंस फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों को एक नई गति देंगे। एमओयू पर तीन प्रमुख साझेदारों मेनस्कट्रूपीडिया, एमवीएम न्कयूट्रिशनल प्रोडक्कट्स और जिला स्कवास्कथ्कय समिति, रांची ने हस्कताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्कय ग्रामीण क्षेत्रों में स्कवास्कथ्कय देखभाल सुविधाओं को मजबूत करना, मासिक धर्म संबंधी शिक्षा को बढ़ाना, और संपूर्ण आहार सप्कलीमेंट्स उपलब्कध कराना है। जिला स्कवास्कथ्कय समिति, रांची और द हंस फाउंडेशन के बीच हुए समझौते का उद्देश्कय रातू ब्कलॉक के ऊषा मातू में प्राथमिक स्कवास्कथ्कय केंद्र में स्कवास्कथ्कय सेवाओं में बदलाव लाना है। अगले पांच सालों में, वे आसानी से सुलभ उच्कच गुणवत्कता वाली स्कवास्कथ्कय सेवा सुनिश्कचित करने के लिए सुवकिधाओं को अपग्रेड करेंगे, कर्मचारियों की संख्कया बढ़ाएंगे और चिकित्कसा संसाधनों को उपलब्कध कराएंगे। जिला स्कवास्कथ्कय समिति पंजीकरण और परिचालन कार्य संभालेगी, जकबकि हंस फाउंडेशन के ऊपर भर्ती और दैनिक गतिविधियों को संभालने की जिम्कमेदारी होगी।

# वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर किया नमन

**याद किया**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निसिंग में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत 12 जून से 26 जून तक विशेष पखवाडा चलाया जा रहा है। आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निसिंग में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक विशेष रूप से पधारे हुए थे। संस्थान के प्राचार्य राकेश भाटिया की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।

भारतीय रेडक्रॉस सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया और बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर जिला उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी इंजेक्टिवे ड्रग यूजर पर विशेष रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नशे का शिकार हो चुके युवा एक ही सिरिंज से इंजेक्ट करते हैं, जिससे बहुत से युवाओं को एचआईवी पॉजिटिव हो जाता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया।

ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वीराँगना महारानी लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस है। हम सबसे पहले उन्हें नमन करते हैं। तपश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते हुए कहा कि प्रतिबंधित नशा एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है। प्रतिबंधित नशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय और विक्रय करना दंडनीय अपराध है। हरियाणा पुलिस नशा मुक्त हरियाणा के स्वप्न को साकार करने के लिए दिन रात कार्य कर रही है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन किया और कहा कि इस पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग करें।

उन्होंने आगे बताया कि घरों में लोग धूम्रपान करते हैं और अन्य सदस्य भी उस धूम्र का सेवन न चाहते हुए कर रहे होते हैं। इससे प्रत्येक 4 सेकंड में एक बच्चे की मृत्यु हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति सदैव वंदनीय और स्वीकार्य है। हमें अपने जीवन के हर्ष के समय जैसे जन्मदिन आदि पर एक पौधा रोपित करना चाहिए। किसी जरूरतमंद की सहायता करनी चाहिए।

# प्रत्येक देशवासी को सत्यनिष्ठा की शपथ लेना चाहिए : ईशा बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स मीट का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें फाउंडेशन के टॉप लीडर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट महिला प्रकोष्ठ डा. निशा गुप्ता, इंटरनेशनल चेयरपर्सन ईशा बंसल, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर राखी गर्ग, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर फैशन प्रकोष्ठ तरुण कपूर एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर संजीव सीकरी ने शिरकत की।

इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को उनके करप्शन फ्री



इंडिया अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए फूल मालाएं पहनाकर एवं उपहार देकर चीफ गेस्ट्स द्वारा सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। डॉ.निशा गुप्ता ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया

**अभियान**

**टॉप लीडर्स मीट का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ**

अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। ईशा बंसल ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को सत्यनिष्ठा की शपथ लेकर खुद से शुरूआत करना चाहिए। संजीव सीकरी ने कहा कि भारत सरकार भी भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर टॉप लीडर्स अवार्ड से पवन शर्मा, पायल मित्तल, पुनीत गुप्ता, डॉ. दिनेश गोयल, राजेश गर्ग, जरनैल सिंह, पूनम गोयल, कृष्णा गुप्ता, सत नारायण गर्ग, हन्नी बंसल, संजय चावला, सुभाष चंद, राकेश कौल, पारस सिंगला, राजेंदर कुमार, रघबीर सिंह, चशमपाल, भुद्ध राम, स्वाति गुप्ता, अश्वनी मेहता, तरसेम कुमार गुप्ता, परम जांगड़ा आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त स्टेट चीफ डायरेक्टर मेडिकल सैल राजेश सिंगला को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वागत कमेटी के सदस्य अजीत राही, सुनीता गुप्ता, राजन छिब्बर, राजेश खन्ना, दीपा खन्ना, मुक्ता, रमा तिवारी, अमनदीप कौर, मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

# कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने आज कैस्ट्रॉल एज लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे।

इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक 'स्टे अहेड' है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान ळ20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है। कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और मार्केटिंग हेड श्री रोहित तलवार ने कहा, "हम शाहरुख खान के इस आकर्षक मल्टीमीडिया कैंपेन के साथ हाई परफॉर्मेंस कार लुब्रिकेंट्स की अपनी रेंज कैस्ट्रॉल एज को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह कैंपेन शाहरुख को खुद के रूप में पेश करता है, उनके जीवन के एक हिस्से को प्रदर्शित करता है, जहां ब्रांड वास्तव में उन्हें फायदा दे सकता है।"

"कैस्ट्रॉल एज की शुरूआत के साथ, इनोवेशन पर हमारा फोकस भारत की कारों से बेहतर परफॉर्मेंस की बढ़ती मांग को पूरा करता है। नई कैस्ट्रॉल एज रेंज में हाइब्रिड से लेकर यूरोपीय कारों और एसयूवी तक के वाहनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए प्रोडक्ट शामिल हैं। ये प्रोडक्ट अत्याधुनिक तकनीक और सबसे बेहतर इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स से भी बेहतर हैं। यह लॉन्च लुब्रिकेंट सेक्टर में हमारी लीडरशिप को मजबूत करता है और हमें विश्वास है कि कैस्ट्रॉल एज इंजन परफॉर्मेंस में एक नया मानदंड स्थापित करेगा और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देगा।"

# अभय चौटाला ने कांग्रेस पर फोडा इंडिया गठबंधन की हार का ठीकरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर 8 स्थित राजपूत धर्मशाला में ऐलनाबाद के विधायक एवं इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने इंडिया गठबंधन की हार का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा। उनका आरोप है कि कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन में कुछ राजनीतिक दलों को शामिल नहीं होने दिया। तीन-चार पार्टियां इंडिया गठबंधन में शामिल हो जाती तो भाजपा सत्ता से बाहर हो जाती और इंडिया गठबंधन की सरकार बनती। इसका मलाल आज कांग्रेसियों को भी हो रहा है।

अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर सिर्फ इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। लोगों ने इंडिया गठबंधन को वोट दिया है।



कांग्रेस उस गठबंधन का एक हिस्सा थी। उसी गठबंधन का परिणाम है कि जो भाजपा 400 पार का नारा देती थी, वह सिर्फ 241 सीटों पर ही सिमट गई।

उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होता है। विधानसभा का जब चुनाव आएगा तो चौधरी देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाया जाएगा। इनेलो को उस स्थिति में लाकर खड़ा करेंगे कि बिना इनेलो के हरियाणा में सरकार ही नहीं बनेगी।

**साधा निशाना**

**कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन में कुछ राजनीतिक दलों को शामिल नहीं होने दियाः इनेलो**

विधानसभा चुनाव इनेलो अकेले लड़ेगी या फिर किसी के साथ, इस सवाल पर चौटाला ने जवाब दिया कि हमारे साथ बहुत सारे राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन हैं, जो राजनीति में रूचि रखते हैं और उनसे हमारी बातचीत चल रही है और जब समय आएगा तो हम एक प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और मिलकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।

कांग्रेस के 70 पार के नारे पर अभय चौटाला ने पलटवार किया और कहा कि भाजपा भी 75 पार का नारा देती थी, लेकिन भाजपा 40 सीट भी पार नहीं कर पाई। ऐसे ही कांग्रेस भी 30 पार नहीं कर पाएगी, इससे भी कम सीटों पर रह जाएगी, क्योंकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उसके बेटे ने एक-एक विधानसभा में 10 से 15 लोगों को पीठ थपथपाई कर कह रखा है कि उनको टिकट दे देंगे। किसी भी पार्टी की टिकट एक विधानसभा में 15-15 नहीं होती। टिकट किसी एक को दी जाती है और यह सभी लोग आपस में लड़ेंगे और भूपेंद्र हुड्डा को अपना बहुत बड़ा विरोध देखना पड़ेगा।

# संपादकीय

## मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम

**मोदी मंत्रिमंडल** का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं? इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी।

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

राजेश माहेश्वरी

> जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते 9 जून को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं।
> लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। बहरहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियों और जवानों की अग्निपरीक्षा अमरनाथ यात्रा है।

**जम्मू-कश्मीर** में बीते तीन दिन में एक के बाद एक आतंकी घटनाओं ने सीमा पार से हो रही घुसपैठ के खतरों की ओर फिर से आगाह किया है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच ये आतंकी हमले बताते हैं कि आतंकी संगठन जम्मू-कश्मीर में आम लोगों में खौफ पैदा करने में जुटे हैं। डोडा में आतंककारियों ने सेना की चैकी पर हमला कर दिया। यह कठुआ में आतंकियों की गोलीबारी में एक जने की मौत और दो अन्य के घायल होने के कुछ घंटों बाद ही हुआ। वहीं तीन दिन पहले ही आतंककारियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर कायराना हमला किया था। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। अचानक आतंकी हमले बढने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा-हालात पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जो शीर्ष बैठकें की हैं, वे बेमानी नहीं हैं, लेकिन उन्हीं से पाकपरस्त आतंकवाद को कुचला और जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता। कश्मीर घाटी और अन्य राज्यों में सक्रिय आतंकवाद या उग्रवाद के उदाहरण हमारे सामने हैं। सेना, सुरक्षा बलों, पुलिस और स्थानीय गुप्तचरों के साझा ऑपरेशन कई साल तक चलाने पड़े, तो आज घाटी लगभग आतंकवाद-मुक्त है। हम इन बैठकों को खारिज नहीं करते, क्योंकि कई विचार सामने आकर साझा किए जा सकते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण-रेखा से जम्मू-कश्मीर की जमीन तक जो सेना सक्रिय रही है, उसके समानांतर सुरक्षा-बल तैनात और सक्रिय रहे हैं। स्थानीय सूचनाओं और गतिविधियों की सूत्रधार स्थानीय पुलिस रही है। ऐसी तमाम एजेंसियों को एक सर्कुलर के जरिए निर्देश और आदेश दिए जा सकते थे। उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार अपना आदेश दे सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान की तरफ दोस्ती का



हाथ बढ़ाया था, लेकिन वर्ष 2016 में उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और वर्ष 2019 को पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले की अनुमति देकर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया कि वार्ता और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। सिर्फ यही नहीं, पाकिस्तान के साथ व्यापार को भी बंद किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया। सऊदी अरब समेत लगभग सभी खाड़ी देश पाकिस्तान के बजाय भारत को प्राथमिकता देने लगे। इससे हताश पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने कश्मीर को अशांत बनाए रखने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात बेहतर होते चले गए। आतंकियों पर सुरक्षाबलों का शिकंजा भी कसता गया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने पहले जम्मू संभाग के सीमावर्ती पुंछ और राजौरी जिलों में कई बड़े हमले किए और अब तीसरी बार भी मोदी सरकार बनते देख पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने जम्मू के रियासी, कठुआ और डोडा में हमलों को अंजाम दिया। जम्मू संभाग के राजौरी, पुंछ, कठुआ, डोडा से किश्तवाड़ तक आईबी गुप्तचर की सूचनाएं इतनी सटीक नहीं हो सकतीं, जितनी एक स्थानीय जासूस की गुप्तचरी सटीक हो सकती है और लक्ष्य तक पहुंचना आसान हो सकता है। जम्मू में खुफिया-तंत्र की कमियां अब भी महसूस की जा रही हैं। वैसे जम्मू संभाग में आतंकी हरकतें अचानक नहीं बढ़ी हैं। ये आतंकियों की रणनीति हो सकती हैं। अलबत्ता 1990-2005 के सालों में जम्मू के घने जंगलात में आतंकी गतिविधियां और हमले निरंतर देखने को मिलते रहे। यह दीगर है कि घुसपैठ, गिरोहबाजी, अलगाववाद और पाक परस्त आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन और अभियान कश्मीर घाटी में ज्यादा किए जाते रहे। तब जम्मू को आतंकवाद-मुक्त करा लिया गया था। अब नए सिरे से आतंकियों ने अपने नेटवर्क जम्मू में फैलाए हैं और अचानक हमले बढ़ा दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद नगण्य है। फिर भी 2024 में अभी तक 20 आतंकी हमले किए जा चुके हैं और 13 जून तक 42 नागरिकों और जवानों ने अपनी जिंदगी खोई है। भारत ऐसा नुकसान भी क्यों झेले? बहरहाल केंद्र सरकार से जो निर्देश मिले हैं, उनके मद्देनजर जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक स्वैन का दावा है कि अब बचे-खुचे आतंकवाद को कुचल दिया जाएगा, मसल दिया जाएगा, घर-घर ढूंढ कर चुन-चुन कर मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। अमरनाथ यात्रा और संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते 9 जून को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। बहरहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियों और जवानों की अग्निपरीक्षा ह्यअमरनाथ यात्राह्न है। यह 29 जून से शुरू हो रही है और अगले ही दिन जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नए सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे हैं। वह कश्मीर और आतंकवाद से अनभिज्ञ, अपरिचित नहीं हैं। अमरनाथ यात्रा अगस्त तक जारी रहेगी। आतंकी हमला करने की फिराक में होंगे और हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने फुलप्रूफ योजना बनाई होगी। यात्रा के चप्पे-चप्पे पर 500 कंपनियों के जवान तैनात किए जा रहे हैं। खुफिया सूचनाओं पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। खासकर टीआरएफ आतंकी संगठन के साथ-साथ लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद के दहशतगर्दों पर भी निगाहें चिपकी रहेंगी। इस बार प्रशासन ने प्रत्येक तीर्थयात्री का 5 लाख रुपए का बीमा भी किया है। जम्मू-कश्मीर और आतंकवाद के संदर्भ में हमारे उन अनुभवी जनरलों की सोच कुछ भिन्न है, जो दशकों तक कश्मीर में कार्यरत रहे हैं और आतंकियों को ढेर किया है। वे जनरल हालिया आतंकी हमलों से क्षुब्ध हैं, क्योंकि आतंकियों ने उस दिन हमला करके भारत के गाल पर तमाचा मारा था, जब देश की सरकार शपथ ले रही थी। अब ऐसे रक्षा विशेषज्ञों की राय है कि पाकिस्तान के साथ जो युद्ध विराम किया हुआ है, तुरंत उस समझौते को रद्द किया जाए। यह युद्धविराम एकतरफा और बेमानी है, क्योंकि पाकिस्तान आतंकियों की घुसपैठ कराता रहा है। आतंकियों को हथियार भी मुहैया कराता है। पाकिस्तान फिलहाल फटीचर देश की स्थिति में है। उसकी फौज पर निरंतर हमले करेंगे, तो उसकी फौज ही विकलांग हो जाएगी।

# कविता

## नशे में कौन है?

इस जहां में उपलब्ध है
अलग अलग प्रकार के नशे,
हर कोई बुरी तरह से है फंसे,
किसी को पद का नशा,
किसी को मद का नशा,
किसी को झूठे प्यार का,
किसी को बढ़ते अहंकार का,
कोई सत्ता के नशे में दहाड़ रहा,
कोई कुत्ते की वफादारी को पछाड़ रहा,
इसके असर से कोई दंगा कर रहा,
कोई घूंट घूंट कहर से सिहर रहा,
कोई जातीयता का जहर भर रहा,
शोषित इस आग से मर रहा,
कोई कर रहा आस्थाओं से खिलवाड़,
कोई उड़ेल रहा जहर बेशुमार,
यहां किसको किसकी पड़ी है,
यहां सबकी अपनी हटी पड़ी है,
इन नशों से देशप्रेम का असर टूट रहा,
यहां हर कोई एक दूसरे को लूट रहा,
सुन लो लंगूरों
अपना नशा फेंको या संभालो,
हमारा वजूद इस देश से है
इतनी सी बात तो
अपनी खाली दिमाग में डालो।

राजेन्द्र लाहिरी

## स्वास्थ्य शरीर ही नहीं सुन्दर काया भी देता है योग

शहनाज हुसैन

**यदि आप अ**पने शरीर को डिटॉक्सीफाई करना चाहते हैं , अपनी माँस पेशियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तथा जिन्दगी के रोजमर्रा के तनाव से मुक्ति चाहते है तो आप केबल योग और प्राणायाम कीजिये

योग से चेहरे पर असली आभा का निखार आता है और आपकी रंगत भी निखार आती है तथा आपका चेहरा और ब्यक्तित्व बाकई में आकर्षक और मनमोहक दिखने लगते हैं /रोज सुबह प्राणायाम , अलोम बिलोम ,शीर्षाशन ,मत्स्य आसान से शरीर से बिषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं जिससे शरीर की पाचन प्रणाली सामान्य हो जाती है और रक्त का बहाब सही हो जाता है जिसके परिणाम स्वरुप त्वचा में खिंचाब आता है , झुर्रियां हट जाती हैं और आप सुन्दर और स्वस्थ दिखने लगते हैं योग आसनों से आप गहरी नींद पा सकते हैं , कोर्टिसोल स्तर कम हो जाता है , कोलेजन में बृद्धि होती है जिससे आपकी स्वास प्रणाली मजबूत होती है , आपके जोड़ों को चिकनाहट मिलती है , आपकी मांस पेशियाँ मजबूत होती हैं। योग में साँस लेने बाली क्रियायों तथा शरीर के बिभिन्न आसनों से हार्मोन्स सन्तुलित होते हैं तथा आंतडीयों में जमा गन्दगी बाहर आ जाती है जिससे हम हल्का और स्वस्थ महसूस करते हैं जिसे आंतरिक सौन्दर्य का नाम दिया जाता है / मेरा यह मानना है अगर आप शारीरिक रूप से सुन्दर हैं तो आपका सौन्दर्य चेहरे पर स्वभाबिक रूप से झलकेगा / कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुन्दरता , दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते है / बास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्रकृतिक तौर पर स्थाई रूप से सुन्दर तथा प्रभाबशाली भी बनाया जा सकता है तथा महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों , ,ब्यूटी सैलूनों के महँगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है /

, भारतीय आयुर्वैदिक पद्धति योग के साधारण आसनों के जरिए आप स्थाई आन्तरिक तथा बाहरी सौन्दर्य मुफत में आसानी में पा सकते है।

प्रतिदिन महज आध घण्टा सुबह तथा शाम सूर्या नमस्कार, प्राणायाम, उत्थान आसन, कपाल भाती, धनुर आसन तथा सांसो की क्रिया के माध्यम से आप अपने यौवन, सौन्दर्य तथा प्राकृतिक आकर्षण को जीवन पर्यन्त बनाऐ रख सकते है।

बालों तथा त्वचा के सौंदर्य को बनाए रखने में प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्राणायाम से जहां तनाव कम होता है वहीं दूसरी ओर शरीर में प्राण वायू का प्रभावी संचार होता है तथा रक्त का प्रभाव बढ़ता है। प्राणायाम सही तरीके से सांस लेने की बेहतरीन अदा है।

प्रतिदिन 10 मिनट तक प्राणायाम से मानव शरीर की प्राकृतिक क्लीजिंग हो जाती है। प्राणायाम का आज पूरे विश्व में अनुसरण किया जाता है। प्राणायाम से मानव खोपड़ी में व्यापक आक्सीजन तथा रक्त संचार होता है।

# विचार

## 2024 का जनादेश: मायने अनेक

संजय सक्सेना

**लोकसभा चु**नाव का शोर थम गया है। अब नतीजों की समीक्षा का दौर है। सभी दलों के नेता अपनी-अपनी खामियां और खूबियों का आकलन कर रहे हैं। मगर आम आदमी के नजरिये से देखा जाए तो यह चुनाव कई मायनों में निचले से निचले स्तर पर जाता दिखा.तमाम दलों के नेता उनके समर्थक बार बार अपनी जुबान से जहर उगलते रहे। जाति,धर्म,राम मंदिर,आरक्षण,मुस्लिम आरक्षण,संविधान, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,ईवीएम, किसान से लेकर वो जिहाद,मंगलसूत्र, मुजरा, कानून व्यवस्था,बाहुबली, मिट्टी में मिल गये माफिया, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सब छाये रहे. एनडीए सरकार की सभी योजनाओं में से प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज सबसे प्रभावी और दूरगामी प्रतीत हुआ। जाति या समुदाय से इतर दूरदराज के इलाकों में जितने भी लोगों से बात हुई, उनमें से अधिकांश ने माना कि उन्हें मुफ्त अनाज मिला है। जरूरतमंदों ने इसके लिए सरकार की खूब सराहना की। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास,आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का फायदा उठाने वाला एक बड़ा वर्ग बीजेपी की हौसला अफजाई करता रहा। गुलाम कश्मीर, पाकिस्तान और चीन की भी खूब बात हुई। जीवन और आजीविका के रोजमर्रा के संघर्ष-रोटी-कपड़ा और रोजगार पूर्वी और पश्चिमी यूपी में हर किसी चुनावी चर्चा का अभिन्न अंग तो रहे, लेकिन चुनावी चर्चा में जाति और समुदाय की केंद्रीयता ज्यादा बनी रही।मोटे तौर पर भाजपा के सामाजिक गठबंधन (उच्च जातियां पटेल, निषाद और अन्य जैसे गैर-यादव ओबीसी) और समाजवादी पार्टी (यादव मुस्लिम) बरकरार हैं। वहीं बसपा अपने दलित कोर वोटरों पर ध्यान केंद्रित करें रही। कई नेताओं ने इधर से उधर पल भी बदला। पूरे देश की तरह उत्तर प्रदेश में पूरी चुनावी बहसों के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नजर आए। यहाँ तक कि कई जगह तो भाजपा उम्मीदवार के नाम तक की चर्चा भी नहीं देखने को मिली। ऐसा लग रहा था जैसे नेताओं के सामने पार्टी गौण हो गई थी। यह नजरा बीजेपी,कांग्रेस ही नहीं सभी दलों में देखने को मिला।वहीं कुछ अहम मुद्दे छूट भी गए। खासकर पर्यावरण प्रेमी इस बात से नाराज दिखे कि पर्यावरण, जल, जंगल,जमीन की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव हैं और चुनाव में नेता और वोटर एक-दूसरे को संवाद व अन्य माध्यमों से परखते हैं,लेकिन अब संवाद का सिलसिला काफी बदल गया है। बड़े नेताओं की जनसभाओं के दौरान सब कुछ मोबाइल से हो रहा है।सोशल मीडिया पर अलग से लड़ाई जारी थी। एक समय था जब लाउडस्पीकर लगी जीप गांवों में पहुंचती थी, तो बच्चे उसके पीछे भागने लगते थे। इस जीप से बिल्ला लुटाए जाते थे। इन पर प्रत्याशियों की फोटो और चुनाव चिन्ह छपा होता था। बिल्ले को लूटने और इकट्ठा करने का उस वक्त बच्चों से लेकर युवाओं तक में अलग ही क्रेज था। इसी से हमको पता चलता था कि चुनाव आ गया है। यादों के फ्लैशबैक से यह कहना है बरौला निवासी चौधरी बीसी प्रधान का। वह बताते हैं कि अब सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों की रील दिखती हैं और वाट्सऐप मेसेज से पता चल रहा है। वक्त के साथ प्रचार सामग्री में यह बड़ा बदलाव आया है। पहले की तरह कपड़े के बैनर और झंडे भी अब नजर नहीं आते हैं। यही नहीं इस चुनाव में दीवारों पर चिपकाए जाने वाले कागज के पोस्टर भी नजर नहीं आ रहे हैं। इस बदलाव को 35-40 साल की उम्र वाला तबका महसूस कर रहा है।

अतीत पर नजर डाली जाये तो पहले राष्ट्रीय दलों के प्रचार के तरीकों और सामग्री की पहुंच आसान थी। चुनावी नारों और लाउडस्पीकर पर बजने वाली रेकार्डेड कैसेट में हर दल के गाने भी अलग रहते थे। इन गानों के बजने से ही घरों में बैठे लोग यह जान जाते थे कि कौन से दल का प्रचार वाहन आया है। अब चुनाव आयोग की बंदिशों के साथ शहरीकरण से छाए शोर में लाउडस्पीकर उपयोगी नहीं बचा है। यही नहीं चुनावी सभाओं में भी अब लाउडस्पीकर की जगह साउंड ही नजर आते हैं। इसी तरह दीवारों पर होने वाली पेंटिंग भी विलुप्त हो गई है। कई और बदलाव भी हो चुके हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अयोध्या में एक और सियासी मुकाबले के लिये बिछ रही है बिसात

संजय सक्सेना

प्रभु श्री राम की नगरी और अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के हाथों हार का सामना करने वाली भाजपा अपनी शर्मनाक हार का बदला लेने के लिए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को अयोध्या अंतर्गत आने वाली मिल्कीपुर विधान सभा के उप चुनाव में पटकनी देने के लिये रणनीति बना रही है। ताकि आम चुनाव में मिली हार के दर्द को कुछ कम किया जा सके। इसके लिये बीजेपी काफी सोच विचार के बाद यहां प्रत्याशी तय करने में लगी है।बता दें मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद उनकी यह सीट रिक्त हो गई है,जहां जल्द ही उप-चुनाव होने हैं। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई दावेदार सामने आ गए हैं,लेकिन अभी तक किसी का नाम फायनल नहीं हो पाया है।दावेदारों में पूर्व विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रधान तक शामिल हैं। पासी समाज से सबसे ज्यादा नाम सामने आए हैं। यदि सपा ने भी अपनी इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए पासी समाज से उम्मीदवार उतारा तो बीजेपी किसी अन्य जाति के प्रत्याशी पर विचार कर सकती है।

बता दें उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधान सभा के लिये उप चुनाव होने वाले हैं।यह वह सीटें हैं जहां के विधायक सांसद बन चुके हैं। ऐसी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए हलचल अभी से शुरू हो गई है. वहीं सूबे के जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा की मिल्कीपुर विधानसभा भी शामिल है।फैजाबाद से लोकसभा चुनाव हारने के बाद यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या की हार से उबरने के लिए बीजेपी मिल्कीपुर की सीट के लिए अपना ट्रंपकार्ड खेलेगी। यहां से भाजपा प्रत्याशी का नाम चौंकाने वाला हो सकात है। बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाहेगी है जिससे फैजाबाद में मिली हार को बैंलेस किया जा सक। गौरतलब हो, अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद यहां अब उप चुनाव होना तय है। अब निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की घोषणा करनी है।

## शिक्षा, साहित्य के चिंतन, मनन से

संजीव

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है। साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के ह्दय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### भरत कला केंद्र ने लगाई छबील



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** निर्जला एकादशी पर भरत कला केंद्र प्याउ द्वारा पानी छलीब लगाई गई। भरत कला केंद्र प्याउ संस्थापक प्रधान सुंदर लाल आसोदिया ने बताया कि वर्ष 1988 से लगातार मीठे पानी की छबील लगाईं जा रहीं हैं। मंगलवार को सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया गया। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा के अनुसार प्यासे को पानी पिलाना हमारे शास्त्रों में भी स्पष्ट दशार्या गया है। परंतु ज्येष्ठ माह में मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को जल पिलाने का बहुत महत्व है। छबीलों पर सेवा में लगे युवकों की श्रद्धा देखते ही बनती थी। प्यास न होने पर भी राहगीर उनकी श्रद्धा की कदर करते हुए पानी पीने को विवश हो रहे थे। कई ज्ञानी लोग इस पूरे माह में मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को ठंडक पहुंचाने का कार्य करते हैं। ऐसे लोगों से प्रत्येक व्यक्ति को सीख लेकर धर्म व कर्म के कार्य को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर देवकी नंदन, संजय लोहिया, पवन कुमार सैनी, राजकुमार, राजेश सैनी, गौतम शिवाल, संजय सैनी, मनोज, हिमांशु, महेंद्र, कुलदीप सैनी, राजकुमार यादव, अनिल सैनी, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला के बड़े भाई फतेह चंद चावला का अचानक हुआ निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के वरिष्ट पत्रकार हरीश चावला के बड़े भाई तथा पंजाब केसरी के डिप्टी ब्यूरो चीफ फतेह चंद चावला का सोमवार देर शाम औचक निधन हो गया। वह करीब 66 वर्ष के थे तथा पिछले 35 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे। वह अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी व दो बेटियों को बिलकता हुआ छोड़ गए है।
पिछले कई सालों से जनहित से जुड़ी खबरों और सामाजिक खबरों पर उनकी अच्छी पकड़ थी। वह पत्रकारिता के साथ-साथ समाज को भी एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे थे। मगर उन्होंने अंतिम सांस छोड़ दी। वह हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार थे। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि करनाल ने एक होनहार पत्रकार खो दिया है। उन्होंने परिवार को ढांढस बांधते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक प्रकट करते हुए वह कलम के धनी थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। मंगलवार दोपहर उनका अंतिम संसकर तरावड़ी की शवपुरी में किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने फतेह चंद चावला को अंतिम विदाई दी। वह सीनियर जनरल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरीश चावला के बड़े भाई थे। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, धर्मपाल गोंदर, जीवी राइस मिल के मालिक विनीत बंसल, डबल चाबी चावल के निमार्ता पुष्कर गोयल, गैलेक्सी बासमती चावल के निमार्ता विजय गोयल, शिव शक्ति राइस मिल के मालिक रमेश गुप्ता, न्यू कैम आयल मिल के मालिक राजकुमार तायल, श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष सतीश गुलाटी, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रवीन गर्ग, आशित गुप्ता, कांग्रेसी नेता मलखान सिंह कलसी, ओमप्रकाश सलूजा, राजेन्द्र बल्ला, हन्नी चौधरी, रामपाल लाठर, शिवनाथ कपूर, सतनाम आहूजा, प्रेम मुंजाल, सुल्तान सोल्हो, रामपाल लाठर, वीरेंद्र बंसल, गौरव बख्शी, मा. अमर सिंह, राजीव नारंग, रमेश नारंग, अनिल नारंग, यश सलूजा, मुकेश चौधरी, वेद सलूजा, मुनीश गुप्ता, हंसराज पाहूजा, विजय गुलाटी, कुलदीप गुलाटी, राजीव गोंदर, राकेश हंस, ललित बुटाना, इन्द्रजीत सिंह गोराया, नरेश चुघ, अरविन्द वर्मा, मोहन राणा, नवदीप बंसल, वीरेन्द्र जांगड़ा, राजकुमार खुराना, कमल मिड्डा, केबी पंडित, सतीश जोशी, राजकुमार प्रिंस, संदीप रोहिला के अलावा शहर की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे।

# प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में सीधे जमा हुए 335 करोड़ रूपए : नायब सैनी

## करनाल में पीएम किसान लाभार्थियों को 17वीं किश्त के हस्तातंरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मात्र एक क्लिक से 335 करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई है। यह राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त के रूप में जमा करवाई गई है। इस योजना से छोटी जोत वाले 80 प्रतिशत किसानों को फायदा मिल रहा है। इस राशि से किसान फसलों के लिए दवाई, बीज खरीद सकता है और इसके लिए अब किसानों को किसी के उपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। अहम पहलू है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही अपनी पहली कलम से देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई गई है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह मंगलवार को एनडीआरआई करनाल के सभागार में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा, कृषि विज्ञान केन्द्र व एनडीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 17वीं किश्त जमा करवाने करने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके बाद वाराणसी उतर प्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि जमा करवाई। इसमें से हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में 335 करोड़ रूपए की राशि जमा हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित किया और 30 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कृषि सखियों को प्रणाम पत्र भी वितरित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एनडीआरआई के सभागार में संकेतिक रूप में 10 कृषि सखियों को प्रणाम पत्र भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने देश के करोड़ों किसानों को हर वर्ष प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत करोड़ों रुपए की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया और निर्जला एकादशी की प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समय समय पर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, भावातंर भरपाई योजना सहित विभिन्न लाभकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अढाई एकड़ वाले किसानों की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना को अमलीजामा पहनाया।

## उपायुक्त ने बाढ़ रोकथाम की तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मानसून को लेकर जिलें में बाढ़ रोकथाम के लिए उपायुक्त डा. शालीन ने मंगलवार को पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली और उन्हें बाढ़-रोकथाम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।
उपायुक्त डा. शालीन ने सम्बंधित विभागों नगर निगम, पब्लिक हैल्थ, एचएसवीपी एवं सिंचाई विभाग से आएं सफाई दरोगा, सिविर मैन, सैनेटरी इन्सपेक्टर व अन्य कर्मचारियों को आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह सम्बंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ रोकथाम के सभी कार्यो को समय रहतें पूरा करना सुनिश्चत करें। उन्होंने सफाई कर्मी दरोगा से सफाई के दौरान कोई समस्या तो नही आ रही है इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ- नियंत्रण की हम सभी की सांझी जिम्मेदारी है। इसके हर कार्य को गंभीरता से ले ताकि मानसून के दौरान जिलें में किसी भी स्थान पर बाढ जैसी कोई भी समस्या न आएं। उपायुक्त डा. शालीन ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सामुहिक प्रयास एवं आपसी समन्वय के साथ मिलकर बाढ- नियंत्रण के लिए कार्य करें।

## 50 लाख की रंगदारी माँगने के आरोप में एक गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत** जिले की क्राईम युनिट खरखौदा की पुलिस टीम नें आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी कंपनी मालिक से गार्ड के जरिए 50 लाख की रंगदारी माँगने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमरजीत उर्फ तोता निवासी रामपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 जून को आईएमटी खरखौदा नीलगिरी कंपनी मालिक मुकेश गोयल निवासी रोहणी दिल्ली नें थाना खरखौदा में शिकायत देते हुए बताया कि 9 जून को जब रात को मेरा गार्ड डयुटी पर था तो अमरजीत उर्फ तोता निवासी रामपुर अपने एक साथी के साथ आया और गार्ड को गाली गलौच की।

## निर्जला एकादशी पर छबील लगाने का है महत्व : रेनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** निर्जला एकादशी पर भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में जगह-जगह छबीलें लगाई गई। जहां एक तरफ दूध की लस्सी पिलाई गई तो कहीं पर दही की लस्सी पिलाई गई। जगह-जगह समाजसेवियों ने प्रसाद के साथ शीतल पेय और आइसक्रीम भी वितरित की।
कमेटी चौक पर लस्सी की छबील श्री कृष्ण कृपा परिवार की तरफ से लगाई गई। इस छबील का उद्घाटन निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर जल सेवा का अपना ही अलग महत्व होता है। यह दिन भगवान नारायण को समर्पित होता है। इसलिए इस दिन जलदान को



विशेष महत्व दिया गया है। इस दिन मीठे पानी की छबील लगाई जाती है।
इस अवसर पर दही की लस्सी और आलू का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बृज गुप्ता, पारुल वाली, संजय बत्रा, तिलक राज अराड़ा, मुलकराज लूथरा, पिंकी बत्रा, सतीश नारंग, अशोक टुटेजा, संजय विदानी, यश नारंग, मेघा भंडारी, नवीन बत्रा, संकल्प भंडारी, राज सिंगला, श्याम अरोड़ा, अनिल विदानी, निझावन, एमके दुआ, सतीश बुद्धिराजा, राजेश आर्य, अशोक सेठी उपस्थित थे।
करनाल के सैक्टर सात में भी अग्रवाल सभा द्वारा छबील लगाई। इसमें दूध की लस्सी के साथ अल्पाहार भी दिया गया। सभा के प्रधान हरीश अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था पिछले अठारह सालों से छबील लगा रहे हैं। इसी तरह उनकी संस्था प्रति वर्ष सेवा के काम करती हैं। पौधारोपण के साथ सामाजिक मिलन समारोह का भी आयोजन करती है। आज सुबह उनका यह कार्यक्रम नौ बजे शुरू

**वितरित की**

▶▶ जगह-जगह समाजसेवियों ने प्रसाद के साथ शीतल पेय और आइसक्रीम भी वितरित की।

## बरसाती नाले व ड्रेनेज कचरे से भरे पड़े : देवेंद्र



**सोनीपत: प्री-मानसून** आने के संकेत मिल चुके है। उसके बावजूद निगम प्रशासन व जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हुवे है। बरसाती नालों व ड्रेनेज की सफाई में देरी होने पर निगम प्रशासन की लेट लतीफी पर ये बात "आप" हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कही। देवेन्द्र गौतम ने बताया की महाराणा प्रताप चौक से ट्रक यूनियन, सिरड़ी साईं मंदिर रोड़, चंद्र गार्डन से सोनीपत बाईपास गोहाना रोड़, मुरथल रोड़ आदि अन्य सेक्टर रोड़ पर सभी बरसाती नाले व ड्रेनेज कचरे से भरे पड़े है। सफाई में खानापूर्ति की जा रही है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की नालों व ड्रेनेज सिस्टम की सफाई मानसून आने से पहले सुनिश्चित करना निगम प्रशासन की जिम्मेवारी है। धरातल पर उतर कर निगम पार्षदों को भी संज्ञान लेना चाहिए। जनप्रतिनिधि भी वोट लेने के बाद चुनाव आने तक कामों को लेकर खानापूर्ति करने में लगे रहते है। मुलभुत सुविधाओं को लेकर भी जनता को सड़को पर उतरना पड़े तो ये सिस्टम का फेलियर होता है। गौतम ने नगर निगम आयुक्त से निवेदन किया है की धरातल पर सभी कामों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। अगर कोई सम्बंधित अधिकारी कामचोरी करता है तो उसपर तुरंत कारवाई होनी चाहिए।

## ड्रेनों, नालों-नालियों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में नगर परिषद व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए ड्रेनों की सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित समीक्षा करते हुए कहा कि वर्षा से पहले-पहले सभी नाले-नालियां व ड्रेनों की सफाई होना सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि बरसात में जलभराव की स्थिति उत्पन ना हो। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त शांतनु शर्मा, डीआरओ



विकास सिंगरोहा, ईओ नगर परिषद अभय यादव व अन्य मौजूद रहे। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर ड्रेनों की सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित कहां-कहां पर इस कार्य को कर लिया गया है और कहां-कहां पर इन कार्यों को किया जाना बाकी है इसकी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था।
इस दौरान उन्होंने ड्रेनों की सफाई, सरस्वती बोर्ड के तहत आने वाले ड्रेनों व अन्यों का तथा नगरपरिषद व सिंचाई विभाग के तहत आने वाले क्षेत्रों का जायजा लेते हुए वास्तविकता जांची थी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जहां पर सफाई व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है उसकी फोटो लेना सुनिश्चित करें साथ ही उस क्षेत्र के लोगों से सफाई कार्य से सम्बन्धित उनकी संतुष्टि से सम्बन्धित हस्ताक्षर भी लें। मकसद सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त करना है ताकि वर्षा के दिनों में लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं पर ड्रेनों की सफाई या अन्य सफाई कार्य से सम्बन्धित कोई कमी नजर आई या लोगों की संतुष्टि नहीं दिखी तो संबंधित एजेंसी की अदायगी भी नहीं की जाएगी, लोगों को राहत मिले इसके लिए सम्बन्धित विभाग का दायित्व बनता है कि वे इस कार्य को बेहतर समय के साथ करना सुनिश्चित करे।

## एसडीएम के समाधान शिविर में आई 16 समस्याएं, 4 का निपटारा

**समालखा,18 जून ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** के उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आज कुल 16 शिकायते आई। उपमण्डल अधिकारी अमित कुमार ने समस्याएं सुनी व कुछ का साथ साथ हल किया व संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जिसमें उपमंडल के चुलकाना गांव के निवासी सुरेन्द्र ने गांव में अवेध कब्जे हटवाने बारे शिकायत दी , रविदास सभा द्वारा भवन की दुकानो का मालिक का नाम ठीक करवाने बारे में गुहार लगाई नगर पालिका को काफी चक्कर काट चुके है गांव मनाना में जब से गाव बसा है



तब से नाला है एक आदमी द्वारा नाला न बनने देना व नाले में मिट्टी डाल कर बन्द कर दिया प्रसासन से गुहार लगाई की बरसात से पहले नाला बनाया जाए व गर व्यक्ति के किलाफ कानुनी कारवाई की जाए इसके अलावा शिविर में आई डेढ दर्जन ओर शिकायतों को सुना गया। सुबह 9 से 11 बजे तक जनसमस्याओं को सुनने के लिए समाधान शिविर लगाया जा रहा है। डी एस पी नरेन्द्र कादियात तहसिलदार बीडीपीओ बीईओ के अलावा एसडीओ पीडब्ल्यूडी शैलेन्द्र भाटिया भी अनुपस्थित रहे।


## कनाडा भेजने का झांसा देकर 16 लाख ठगे

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने वर्क वीजा पर युवक को कनाडा भेजने का झांसा दे 16 लाख रुपये ठग लिए गए। मंगलवार को पुलिसने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी रणवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुआ गांव दूभल कैथल में विवाहित है। वह अपनी बुआ के घर गया हुआ था। वहां पर उसकी मुलाकात गांव दूभल निवासी आकाश तथा विजेंद्र से हुई। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वे युवकों को विदेश भेजने का काम करते हैं।

## ट्रक से चार लाख रुपए का माल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** घरौंडा थाना क्षेत्र में चालक ने ही ट्रक से करीब चार लाख का सामान चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, ट्रक से सामान चोरी करने के बाद आरोपी ने ट्रक को एक ढाबे के पास खड़ा कर दिया और अपना फोन बंद करके फरार हो गया।
बाद में जब ट्रक में लोड सामान दिए गए पते पर नहीं पहुंचा तो मालिक ने चालक के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। ट्रक मालिक ने मामले की शिकायत घरौंडा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




घरौंडा की भोला कॉलोनी निवासी अमित पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोहम्मद खुर्शीद आलम को बतौर ड्राइवर काम पर रखा था। 27 दिसंबर 2023 को ड्राइवर ने काम शुरू किया था। दो दिन पहले ड्राइवर को हिसाब कराने के लिए दफ्तर आना था, लेकिन वह लगातार फोन कॉल्स का जवाब नहीं दे रहा था। अमित पाल ने उसके साथी ड्राइवरों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।
17 जून को सुबह अमित पाल का दोस्त मनीष कुमार किसी काम से कोहंड गया था, उसने हाईवे पर आइजीएल, सीएनजी पंप के पास खड़े ट्रक को देखा। मनीष ने वीडियो कॉल के जरिए अमित पाल को ट्रक दिखाया, जिससे पुष्टि हुई कि यह वही ट्रक था जिसे मो. खुर्शीद आलम चला रहा था। जब अमित पाल वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ट्रक को काफी नुकसान पहुंचाया गया था और ट्रक से सामान गायब था। अमित पाल के अनुसार ट्रक से गाड़ी का एक स्टपनी टायर, मोटरसाइकिल फिटिंग का सामान जिसकी कीमत लगभग साढ़े तीन से चार लाख रुपए थी, चोरी हो गया था। आरोप है कि मो. खुर्शीद आलम ने इन सामानों को बेच दिया।

## सभी आर्य वीरांगनाओं को लाठी से आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर के तीसरे दिन स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में सभी आर्य वीरांगनाओं को लाठी से आत्मरक्षा के गुर सिखाए गये। स्वामी जी के निदेर्शानुसार वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा आर्य वीरांगनाओं को अलग-अलग टोलियों में बांटकर लाठी-संचलन का प्रशिक्षण दिया गया। तपती धरती और लू के तेज थपेड़ों के बीच जहां आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हैं वहीं ये आर्य वीरांगनाएं राष्ट्र और समाज के निर्माण हेतु कड़ी साधना कर रही हैं। स्वामी डॉ0 देवव्रत सरस्वती का मानना है कि यदि हमारी बेटियाँ शारीरिक और



मानसिक रूप से मजबूत होंगी, तभी एक सभ्य समाज और उन्नत राष्ट्र का सपना साकार होगा। बता दें कि 16 से 25 जून तक चलने वाले इस राष्ट्रीय शिविर में लगभग 400 युवतियां प्रशिक्षण ले रही हैं। सायंकालीन सत्र में वरिष्ठ भजनोपदेशक जयपाल आर्य और जसविन्द्र आर्य की टीम अपने ईश्वर भक्ति और राष्ट्र-प्रेम से ओतप्रोत गीत व भजनों के माध्यम में इन युवतियों के मन-मस्तिष्क में ईश्वर के सच्चे स्वरूप और देश के प्रति अपने कर्त्तव्यों को जगाने का कार्य कर रहे हैं, वहीं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य भी समय-समय पर अपने स्वरचित भजनों और प्रेरणादायक वक्तव्यों से गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति और वैदिक संस्कृति से अवगत करा रहे हैं।
शिविर संचालिका व्रतिका आर्या ने बताया कि सार्वदेशिक आर्य वीर दल द्वारा यह शिविर लगाया जाता है, जो इस बार गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के आग्रह पर गुरुकुल की पवित्र धरा पर संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने समाज से बेटी को कमजोर करने वाली मानसिकता को दूर करते हुए नारी को समान अधिकार देने की पैरवी की और नारी पर होने वाले अनेक अत्याचारों पर रोक लगाई। मगर देखने में आता है कि आज भी समाज का एक विशेष वर्ग बेटियों को बेटों की अपेक्षा कमजोर समझता है, नारी को अबला कहा जाता है जो कतई सही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियां कल्पना चावला बनकर अंतरिक्ष तक जा रही है। देश की विभिन्न सेनाओं में उच्च पदों पर आसीन होकर राष्ट्र सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है, तो वे बेटों से किस प्रकार से कम हुई? उन्होंने कहा कि आर्य वीरांगना दल के शिविरों में बेटियों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से मजबूत बनाया जाता है।

**प्रशिक्षण**

▶▶ आर्य वीरांगनाओं को अलग-अलग टोलियों में बांटकर लाठी-संचालन का प्रशिक्षण दिया गया

## संत कबीर धानक समाज धर्मशाला एवं छात्रावास सभा के प्रधान मंत्री से मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** मंगलवार को कुरुक्षेत्र में संत कबीर धानक समाज धर्मशाला एवं छात्रावास सभा के प्रधान जयनारायण खटक व कुरुक्षेत्र लोकसभा विस्तारक नरेंद्र पाल डाबला ने हरियाणा शहरी निकाय राज्य मंत्री हरियाणा सरकार सुभाष सुधा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मौके पर समाज के विभिन्न मुद्दों पर बात करते हुए राज्य स्तरीय समारोह पर चर्चा की। गोहाना में 22 जून को होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी मुख्य



अतिथि होंगे। साथ ही राज्य मंत्री को बताया कि 24 जून को संत शिरोमणि कबीर साहेब जी की जिला स्तरीय जयंती कुरुक्षेत्र में धूम धाम से मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री सुभाष सुधा मुख्य अतिथि होंगे। समाज के पदाधिकारियों ने उपरोक्त कार्यक्रमों बारे विस्तार से जानकारी दी।

# दिल्ली में नीट पर बवाल, आप का प्रदर्शन

● छात्रों की मांग है कि नीट का एग्जाम दोबारा से कराया जाए। वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया

**हल्लाबोल**

▶▶ नीट एग्जाम में हुए घोटाले के खिलाफ जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी का हल्ला बोल शुरू हो चुका है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली समेत देशभर में प्रदर्शन हो रहा है। छात्रों की मांग है कि नीट का एग्जाम दोबारा से कराया जाए। वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी ने अपने ऑफिशियल एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया है कि नीट एग्जाम में हुए घोटाले के खिलाफ जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी का हल्ला बोल शुरू हो चुका है। आप ने कहा कि देश के भविष्य युवाओं के साथ अन्याय बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब:** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से कई तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा कि अगर नीट परीक्षा में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उससे निपटा जाना चाहिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है।

**नीट-यूजी मामले में क्या है कथित अनियमितताएं:** नीट-यूजी में अंकों को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के आरोप लगे हैं, जिसके चलते 67 छात्रों ने परफेक्ट स्कोर के साथ पहली रैंक पाई है। पिछले साल दो छात्रों ने संयुक्त रूप से पहली रैंक हासिल की थी। छात्रों का आरोप है कि कई छात्रों के अंकों को मनमाना ढंग से घटाया या बढ़ाया गया है, जिसका असर उनकी रैंक पर हुआ है। 1,500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं और यह भी भी जांच के दायरे में हैं। कहा गया कि छह केंद्रों पर परीक्षा में देरी के कारण हुई समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए थे।






## नीट एग्जाम के नाम पर देश के भविष्य के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र किया गया: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आमा आदमी पार्टी (आप) ने एनईईटी-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं पर लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि नीट एग्जाम के नाम पर देश के भविष्य के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र किया गया।



**केंद्र सरकार धांधली छुपाने की कर रही कोशिश-सौरभ भारद्वाज**

केंद्र सरकार को एनटीए ने देश के बच्चों के सपने और भविष्य के साथ धोखा किया है। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि बिहार और गुजरात में पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, लेकिन केंद्र सरकार चुप्पी साधे इस धांधली को छुपाने की कोशिश कर रही है।

**नीट धांधली छुपाने के लिए, जल संकट मुद्दे पर दिया जोर-आप नेता**

इस मामले में केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में स्वतंत्र जांच कराए। यह लाखों-करोड़ों बच्चों के भविष्य का सवाल है।दिल्ली में जल संकट की तुलना करते हुए सौरभ ने आगे कहा कि ये एक बहुत बड़ा षड़यंत्र है। दिल्ली की पानी की समस्या को टीवी पर बार-बार दिखा रहे ताकि नीट स्कैम का मुद्दा छुप सके। आज दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पार्टी कार्यकताओं के साथ ने धरना प्रदर्शन किया। इससे पहले एनईईटी-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं की आ रहीं खबरों पर चिंता जाहिर करते हुए सौरभ भारद्वाज ने जनता से दोबारा परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में आने की अपील की थी। सौरभ ने कहा था कि यह हमारे 24 लाख बच्चों से संबंधित एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिन्होंने डॉक्टर बनने की उम्मीद के साथ साल भर तैयारी की और एमबीबीएस परीक्षा दी।

# आगरा में वारदात दिल्ली में गिरफ्तार



**पुलिस को सफलता**

▶▶ आरोपियों ने आगरा में एक हीरा व्यापारी से करीब एक करोड़ की ज्वेलरी लूटी थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण जिला पुलिस ने ठकठक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। आरोपियों ने आगरा में एक हीरा व्यापारी से करीब एक करोड़ की ज्वेलरी लूटी थी। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी हुई ज्वेलरी में से 60 फीसदी ज्वेलरी बरामद की है। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया, 'जांच करने पर महिला के पास से हीरे की 23 वस्तुएं बरामद हुईं। 60 फीसदी चीजें बरामद कर ली हैं और आगरा पुलिस को सूचित किया है। कुणाल और गीता नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुणाल की पिछली पांच संलिप्तताएं इसी कार्यप्रणाली में शामिल हैं। इसमें लगभग 13 लोग शामिल हैं। आरोपियों ने 15 जून की रात मदिया कटरा तिराहा पर व्यापारी की कार से 36 हीरा जड़ित जेवरात से भरा बैग उड़ाया था। 400 ग्राम सोने में 100 कैरट के हीरे जड़े थे। बैग में 1.50 लाख रुपये नकद थे। साउथ दिल्ली पुलिस ने गैंग की गीता और कुणाल नामक दो सदस्यों को पकड़ा है।

# केन्द्रीय गृहमंत्री ने की आईटीबीपी की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना

**हिमवीर**

▶▶ 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि हमें अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लाहौल और स्पीति में एक बचाव अभियान चलाने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना की है। 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि हमें अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी की माउंटेन रेस्क्यू टीम ने हाल ही में लाहौल और स्पीति की दुर्गम चोटियों पर एक चुनौतीपूर्ण खोजी अभियान चलाया और एक अमरीकी नागरिक का पार्थिव शरीर वापस लेकर आए, जिनकी पैराग्लाइडिंग करते हुए एक दुर्घटना में मौत हो गई थी।

शाह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर आईटीबीपी टीम के सदस्य 14,800 फीट की चढ़ाई कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए मानवता की भावना दिखाते हुए पार्थिव शरीर को वापस लाए।

# चार मंजिला फैक्टरी में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शाहदरा इलाके में कपड़े की एक फैक्टरी में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलने पर दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक कूलिंग का काम जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार मंगलवार सुबह 9.55 बजे सूचना मिली कि गली नंबर 06, जैन मंदिर वाली गली रघुवर पुरा स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जिस फैक्टरी में आग लगी वह चार मंजिला बनी हुई है। फिलहाल कूलिंग का काम जारी है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# 200 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो चिट फंड कंपनी में निवेश करने के नाम पर 100 से ज्यादा लोगों से अब तक दो करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी कर चुका है। आरोपित पिछले 4 साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। अब क्राइम ब्रांच की टीम ने उसको हिमाचल प्रदेश के पालमपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था। आरोपित की पहचान ईस्ट ऑफ कैलाश के प्रेम वाधवा (64) के रूप में हुई है। आरोपित यह चिट फंड कंपनी अपने साले हरीश के साथ मिलकर संचालित कर रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि 64 साल का आरोपित प्रेम वाधवा अपने पिता की श्रीनिवास पुरी में दूध की दुकान चलाने का काम करता था। इसके चलते उसकी लोगों से अच्छी जान पहचान भी बन गई थी। उसने साल 2007 में एक चिट फंड में इन्वेंस्टमेंट कराने का कारोबार शुरू किया और लोगों को उसमें निवेश करने के लिए राजी भी कर लिया। इस कंपनी को वो 2020 तक चला रहा था और करीब 100 लोगों से दो करोड़ रुपये से ज्यादा की मनी अर्जित भी कर चुका था। लेकिन अचानक वो गायब हो गया। चिट फंड कंपनी में इन्वेस्टमेंट करने वाले करीब 50 लोगों ने आर्थिक अपराध शाखा में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया।



**काबू किया**

▶▶ अब क्राइम ब्रांच की टीम ने उसको हिमाचल प्रदेश के पालमपुर से गिरफ्तार किया है

**ऐसे हो रहा था फ्रॉड:** डीसीपी के अनुसार श्रीनिवास पुरी में चलाई जा रही चिट फंड में मनी इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों का पैसा आरोपित प्रेम वाधवा का साला हरीश ही इकट्ठा करता था। इस कंपनी में लोग अपने बचत रकम का कुछ हिस्सा इन्वेस्टमेंट में लगाकर मुनाफा कमाने के लिए जमा कर रहे थे, लेकिन मार्च 2020 में अचानक प्रेम वाधवा गायब हो गया।

# दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरसेगी आग: मौसम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में लोगों को गर्मी से अभी राहत नहीं मिलती दिख रही है। दिल्ली और आस पास के इलाके छह दिन से लू की चपेट में है। ताजा अपडेट देते हुए मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलती दिख रही है।

**भीषण गर्मी**

▶▶ मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलती दिख रही है

**24 घंटे तक नहीं मिलेगी राहत:** आईएमडी ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति जारी रहने की संभावना है। इसमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम जैसे शहर भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत की ओर आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी।

**दस साल बाद जून में सबसे ज्यादा दिन चली लू:** इससे पहले वर्ष 2014 में सात दिन तक लू चली थी। सोमवार को लू का ऑरेंज अलर्ट रहा। शुष्क हवाओं और आसमान से बरस रही आग से तापमान 45 डिग्री पार कर गया, जबकि कई इलाकों में तापमान 46 डिग्री के पार रहा। सबसे अधिक गर्म इलाका जाफरपुर रहा। यहां का तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पीतमपुरा में न्यूनतम तापमान 35.9 डिग्री तक पहुंच गया।

# दिल्ली का गहराया जल संकट, लगी लंबी-लंबी कतारें


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार को टैंकरों से पानी लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गईं, क्योंकि शहर गर्मी से तप रहा था। सुबह के दृश्यों में वसंत विहार, गीता कॉलोनी और ओखला क्षेत्र में कुसुमपुर पहाड़ी के लोग कतारों में खड़े, डिब्बे और बाल्टियाँ पकड़े हुए और पानी के टैंकरों के आसपास भीड़ लगाते हुए दिखाई दिए। अब यह समस्या दिल्ली की कलोनियों और गलियों से होते हुए अस्तपतालों तक जडा पहुंची। बढ़ते तापमान के बीच, इस साल गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद से राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में ये दृश्य रोजमर्रा की घटना बन गए हैं। ओखला के एक स्थानीय निवासी ने अपनी दुर्दशा का वर्णन किया और कहा कि उनका पूरा दिन परिवार के लिए पानी लाने में चला जाता है।

**पानी संकट**

▶▶ अपनी दुर्दशा का वर्णन किया और कहा कि उनका पूरा दिन परिवार के लिए पानी लाने में चला जाता है

**राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाके पानी की समस्या से रहे जूझ:** उन्होंने कहा कि यहाँ स्थिति बहुत खराब है। दिन में केवल दो से तीन टैंकर ही यहाँ आते हैं। पूरा दिन पानी लाने में चला जाता है, बाकी काम हम कब करेंगे? चाणक्यपुरी का संजय कैंप, पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी, पटेल नगर, महरौली और छतरपुर राष्ट्रीय राजधानी के कुछ ऐसे इलाके हैं जो गंभीर जल संकट से प्रभावित हैं। इस बीच, जल संकट ने राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक तूफान भी खड़ा कर दिया है, जिसमें भाजपा और आप दोनों आमने-सामने हैं। आप ने भारतीय जनता पार्टी पर राष्ट्रीय राजधानी में पानी के प्रवाह को रोकने की कोशिश करके राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी को "आयोजित" करने का आरोप लगाया है।



**जल संकट के खिलाफ भाजपा ने आप के विरुद्ध खोला मोर्चा:** भाजपा जल संकट के लिए दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहती रही है कि उसने पानी चोरी करने वाले टैंकर माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसने जल संकट के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन भी किया।

कांग्रेस, जिसने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में अअढ के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ा था, ने भी राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया है। इससे पहले सोमवार को दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बढ़ते जल संकट और भीषण गर्मी के बीच हरियाणा सरकार से पानी छोड़ने और दिल्ली के लोगों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की थी।

**आतिशी ने हरियाणा से मांगा पानी:** मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि आज हम यहां वजीराबाद बैरक में हैं। यहां से पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला सहित विभिन्न जल उपचार संयंत्रों को भेजा जाता है।

# नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यादा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ ह्यफिंगर्सह्न बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। कंपनी के मुताबिक नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। गौरतलब है कि स्विस वैश्विक खाद्य और पेय प्रमुख नेस्ले के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

# मियावाकी से राष्ट्रीय राजमार्गों को बनाया जाएगा हरित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजमार्गों को हरित बनाने के लिए एनएचएआई विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों से सटी भूमि पर मियावाकी पौधारोपण करने की एक अनूठी पहल करेगा। मियावाकी बागान स्थापित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर और उसके आसपास विभिन्न स्थानों पर कुल 53 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र की पहचान की गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार चयनित स्थलों पर जमीन की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है और आगामी मानसून सीजन के दौरान पौधारोपण किया जाएगा। इसका कार्य अगस्त के अंत तक पूरा होगा। मियावाकी पौधारोपण के विकास के लिए प्रस्तावित स्थलों में से कुछ इस प्रकार हैं- 1) राष्ट्रीय राजमार्गों में द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड के साथ 4.7 एकड़ भूमि क्षेत्र शामिल है, 2)

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-वडोदरा खंड पर सोहना के पास 4.1 एकड़, 3) हरियाणा में अंबाला-कोटपुतली कॉरिडोर के एनएच 152डी पर चाबरी और खरखरा इंटरचेंज पर लगभग 5 एकड़, 4)।

**अनूठी पहल**

▶▶ आसपास विभिन्न स्थानों पर कुल 53 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र की पहचान की गई है।

# एआई से एम्स बदल रहा इतिहास, फेफड़े के संक्रमण को रोकेगा एआई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** छाती और पेट की सर्जरी के बाद मरीज के फेफड़े के संक्रमण को रोकने में एम्स और दिल्ली आईआईटी का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रिडिक्शन मॉडल मददगार बनेगा। इन गंभीर सर्जरी के बाद मरीज को इन पोस्ट-ऑपरेटिव पल्मोनरी जटिलताएं (पीपीसी) होने की आशंका अधिक रहती हैं।

**समय से पहले मिलेगी जानकारी:** कई बार मरीज देखने में सामान्य लगता है, लेकिन समय पर आंकलन न हो पाने के कारण स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में यह तकनीक 24 से 48 घंटे पहले ही मरीज की ब्लड रिपोर्ट, क्लीनिकल रिपोर्ट, मेडिकल हिस्ट्री व अन्य का विश्लेषण कर डॉक्टर को सूचित कर देगा। आंकलन के आधार पर मरीज को जरूरत के अनुसार, आईसीयू या वेंटिलेटर सपोर्ट, फिजियोथेरेपी, इलाज में बदलाव या विशेष उपचार सहित अन्य सुविधाएं समय से पूर्व दी जा सकेंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट और छाती की सर्जरी गंभीर श्रेणी में आती है। सर्जरी के बाद मरीज को पीपीसी होने की आशंका काफी अधिक रहती है। इसके कारण कई बार मरीज की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है और उसे बचा पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मरीजों को ध्यान में रखते हुए इस मॉडल को विकसित किया गया है।



**तकनीक**

▶▶ मदद से मरीज का आंकलन आसान हुआ है। साथ ही ऐसा होने के बाद मरीज की स्थिति को गंभीर होने से बचाया जा सकेगा

**एम्स का कमाल:** एम्स के एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर सौविक मैत्रा ने बताया कि आईआईटी दिल्ली से डॉ. अमित मेहंदीरत्ता के सहयोग से गंभीर देखभाल और आपातकालीन देखभाल के लिए एआई प्रिडिक्शन मॉडल विकसित किया जा रहा है। शुरूआती चरण में इस मॉडल का परीक्षण 450 मरीजों पर किया गया। इन मरीजों की छाती व पेट की सर्जरी हुई थी। शुरूआती परिणाम बेहतर आए हैं। इसकी मदद से मरीज की स्थिति खराब होने का आंकलन समय पूर्व लगाने में काफी मदद मिली। अब इसके विश्लेषण के आधार पर अध्ययन किया जा रहा है जिसे जल्द प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही मॉडल को और अपडेट करने के लिए भविष्य में 500 अतिरिक्त मरीज पर इसका परीक्षण किया जाएगा ताकि किसी भी गलती की आशंका को खत्म किया जा सके। मौजूदा समय में इस मॉडल की मदद से मरीज का आंकलन आसान हुआ है। साथ ही ऐसा होने के बाद मरीज की स्थिति को गंभीर होने से बचाया जा सकेगा।

**समय के साथ अपडेट होगा वर्जन:** डॉ. मैत्रा ने बताया कि एआई मॉडल को अपडेट करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मौजूदा समय में इस मॉडल का 450 मरीजों पर परीक्षण किया गया। आने वाले दिनों में 500 और मरीज पर परीक्षण होगा।

# पीएम किसान सम्मान निधि से सोनीपत के 79 हजार 866 किसानों के खाते में राशि आई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान जिला सोनीपत के 79 हजार 866 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त के तौर पर 17 करोड़ 97 लाख 32 हजार रुपए की राशि डाली। वहीं देशभर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर की। इस मौके पर पीएम वेब कास्टिंग के जरिए देश के किसानों को अपना संदेश भी दिया।




वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करनाल से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वेब कास्टिंग के माध्यम से किसानों को संबोधित किया। इसके अलावा जिला स्तर पर स्थानीय जिला परिषद हॉल में पूर्व मंत्री कविता जैन, भाजपा नेता माई राम कौशिक ने शिरकत की। जिला सोनीपत में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तर पर जिला परिषद हॉल तथा खंड स्तर पर इस कार्यक्रम को लाइव दिखाने के प्रबंध किए गए थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की बदौलत पिछले 10 वर्षों में कृषि क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। पानी की व्यवस्था होने से जिला में फसलों का उत्पादन भी बढ़ा है। इस तरह से सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसने की आय को लगातार दोगुना करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज पूरे हरियाणा के किसानों के खाते में भी 17वीं किस्त के पैसे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के अंतिम छोर तक फसलों की सिंचाई के लिए राज्य सरकार खेत तालाब योजना के तहत कई प्रोजेक्ट तैयार कर रही है। सरकार सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत किसानों को भारी सब्सिडी दे रही है। किसान इन योजनाओं का फायदा उठाएं। इस अवसर पर 10 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में एडीसी अंकिता चौधरी एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, डीडीपीओ जितेंद्र शर्मा, डीडीए कृषि विभाग डा पवन शर्मा, भाजपा नेता बबीता दहिया, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मंगलवार को नगर निगम मेयर कार्यालय में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मेयर निखिल मदान ने अधिकारियों को निगम क्षेत्र में लंबित पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अगली बैठक में सभी वार्डों के प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी थी जिसके चलते निगम क्षेत्र में काफी विकास कार्य रुक गए थे। अब आदर्श आचार संहिता हट चुकी है ऐसे में उन्होंने निगम अधिकारियों को सभी कार्य तय समय में पूरा करने के



आदेश दिए है। साथ ही विभिन्न वार्डों में सीवरेज व्यवस्था,पेयजल आपूर्ति और गलियों के निर्माण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के दिशा निर्देश दिए है। इसके लिए आगामी सोमवार 24 जून को फिर से वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक रखी गयी है जिसमे सभी वार्डों के प्रस्तावित विकास कार्यों को बैठक में पारित किया जायेगा। आज की बैठक में ड्रेन नंबर 6 को ढकने के कार्य ,पेयजल व्यवस्था में सुधार ,सफाई व्यवस्था जैसे कार्यों में सुधार करने पर चर्चा हुई है जिसका शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। मेयर निखिल मदान ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए वो पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इसी माह 25 जून को निगम हाउस की बैठक भी रखी गयी है जिसमे निगम क्षेत्र के सभी विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### गीतांजलि गार्डन में 21 जून को कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर उत्साह : आंतिल



**राई।** कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में 21 जून को होने वाले सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आंतिल ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आंतिल ने राई हलके के कार्यकताओं से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कहा कि सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूरे प्रदेश में विधानसभाओं में जीत होकर पूर्ण बहुमत से पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

### राई औद्योगिक क्षेत्र में रूढेनाथ बाबा का विशाल भंडारा 22 जून को

**राई।** राई औद्योगिक क्षेत्र में रूढेनाथ बाबा का विशाल भंडारा 22 जून को लगाया जाएगा। बाबा के सेवक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने बताया कि बाबा का हर साल भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करे।

### मकिसान की बेटी शिखा ने बिना कोचिंग के एच.सी.एस. में प्राप्त किया 17वां रैंक



**राई।** खेवड़ा गांव के किसान की बेटी शिखा ने हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में 17वां रैंक हासिल करने पर कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने उनके घर खेवड़ा गांव में पहुंचकर बधाई दी। आंतिल ने कहा कि बेटी शिखा ने बिना कोचिंग के खुद मेहनत के दम पर अपने गांव का नाम रौशन किया है। बिना कोचिंग के एच.सी.एस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शिखा आंतिल को उन्हें गर्व है। शिखा ने अपने माता-पिता ने सपनों को दी उड़ान दी है। जिन्होंने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बेटी की मेहनत के कारण माता-पिता, गांव व जिले को भी अपनी लाडली पर नाज है। इस मौके पर शिखा के दादा बलराम आंतिल, चाचा शेखर आंतिल, अनिल, हर्ष, राजेश ठेकेदार ओरगाबाद, ओमपाल, डा. कुलबीर सरोहा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने वर्चुएल माध्यम से सुना प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन

**चंडीगढ़,:** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व पीडब्ल्यूडी मंत्री डा. बनवारी लाल ने आज यहां अपने निवास स्थान पर वर्चुएल माध्यम से वाराणासी से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को सुना। आयोजित कार्यक्रम में श्री नरेंद्र मोदी ने आनलाइन माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त के रूप में हरियाणा के 16 लाख किसानों के खातों में 335 करोड़ रुपये की राशि जारी की। इसमें जिला रेवाड़ी के 59,625 किसानों के लिए 11 करोड़ 92 लाख 50 हजार रुपये की राशि शामिल है। प्रधानमंत्री ने योजना के तहत देश के किसानों के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खातों में एक क्लिक 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जारी की। इस मौके पर हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व पीडब्ल्यूडी मंत्री डा. बनवारी लाल ने अपने निवास स्थान पर उनके विधानसभा क्षेत्र बावल के सरपंचों व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। मंत्री डा. बनवारी लाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 17वीं किश्त की राशि जारी करने पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रकट किया और कहा कि इस आर्थिक मदद से किसानों को लाभ मिलेगा।

# औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा के महानिदेशक सीजी रजनी कंथन ने औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा को लेकर मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्पष्टद्द तौर पर निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के प्रबंधों को पूरा किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं और सभी सुरक्षा प्रबंधों को पूरा करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का हादसा न हो सके।

वीसी के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने जिला के सभी



औद्योगिक क्षेत्रों की एसोसिएशन पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं। उन्होंने डीआरओ को निर्देश दिए कि सभी एसोसिएशन के साथ मिलकर औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करवाएं जाएं ताकि

**निर्देश**

**मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ करवाएं-एडीसी अंकिता चौधरी**

मजदूरों और औद्योगपतियों को पता लग सके कि उन्हें अपनी इकाइयों में किस प्रकार के सुरक्षा प्रबंध करने हैं। इसके अलावा मजदूरों को भी जागरूक करें कि वे पूरी सेफ्टी के साथ कार्य करें क्योंकि उनका जीवन उनके परिवार के लिए अमूल्य है तो उनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षा प्रबंधों को पूरा करवाने को लिए अगर किसी प्रकार से जिला प्रशासन के सहयोग की जरूरत है तो जिला प्रशासन उनके सहयोग के लिए हर समय तैयार है। इस दौरान एसोसिएशन पदधिकारियों ने बिजली को लेकर कुछ समस्यां उठाई, जिसपर एडीसी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे अपनी समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय में भेजे ताकि बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इन समस्याओं को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधों को चैक करने के लिए एक चैकिंग अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें अगर किसी औद्योगिक इकाइ में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कोई कमी पाई गई तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, इसलिए सभी उद्योगपतियों से अपील है कि अपनी इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधों को पूरा करवाएं।

# पूर्व सरपंच के बेटे के पोल्ट्री फार्म से 80 हजार 400 रुपये चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** पांची जाटान के पूर्व सरपंच के बेटे के पोल्ट्री फार्म से लेबर का काम कर रहे दो व्यक्ति रुपये चोरी कर अपने परिवार सहित फरार हो गए। पोल्ट्री फार्म संचालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पांची जाटान के पूर्व सरपंच के बेटे हरपाल सिंह ने बताया कि उसका पांची-माहरा रोड पर ग्लोबल हेल्थ केयर पोल्ट्री फार्म है। फार्म पर करीब 2 महीने से विपिन और राकेश निवासी नेपाल लेबर का काम रहे थे। वह अपने परिवार के साथ पोल्ट्री फार्म पर ही रहते थे। उनके साथ वाले कमरों में प्रबंधक सतीश कुमार यादव निवासी रामपुरवा पटखोली, बिहार व अमित कुमार शुक्ला, बुधराम, गिरजेश निवासी बड़सिला जिला गोरखपुर, उत्तरप्रदेश रहते हैं। 14 जुलाई को शाम को उन्होंने अपनी लेबर के वेतन दिया था। जिसमें विपिन और राकेश के 8000-8000 रुपये, प्रबंधक सतीश कुमार को 45000 रुपये, बुधराम, ब्रिजेश और अमित को 11800 प्रति व्यक्ति के हिसाब से रुपये दिए थे। सभी ने अपना वेतन सतीश कुमार के बैग में रखा था।

14 जुलाई की रात विपिन व राकेश प्रबंधक सतीश कुमार के कमरे में रखे 80 हजार 400 रुपये चोरी कर लिए और अपने बच्चों सहित पोल्ट्री फार्म की दीवार फांद कर भाग गए।

# किसानों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं क्रियान्वित की गई: त्रिखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में से जिला यमुनानगर के 58 हजार 761 किसानों के खाते में 11 करोड़ 75 लाख 22 हजार रुपए की राशि डाली वहीं देश भर के 9.25 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश के किसानों को अपना संबोधन भी दिया। यमुनानगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि मंत्री कंवरपाल ने मंगलवार को यमुनानगर में प्रधानमंत्री सम्मान निधि कार्यक्रम के तहत आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि जिले के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार रचनात्मक कार्यों को लेकर आगे बढ़ रही है। किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिससे किसानों की सामाजिक सुरक्षा व खुशहाली में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यह राशि किसानों को दवाई, खाद व बीज खरीदने के लिए भेजी है ताकि किसानों को आर्थिक दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र व राज्य सरकार ने किसानों के लिए ऐसी बहुत सी योजनाओं को क्रियान्वित किया है।

# निर्जला एकादशी पर 3 बरगद के पौधे लगा कर समाज को दिया सन्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: धरती** का तापमान बढ़ता जा रहा है वही दूसरी तरफ लोगों में पेड़-पौधे लगाने के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है भारत मे इस वक्त 500 करोड़ पेड़ों की जरूरत है जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना है। संस्था माँ भारती रक्तवाहिनी की यूनिट श्री राम क्रिकेट क्लब के सदस्य प्रदीप अत्रि , सिल्लू व नवीन कुंडू ने एक एक बरगद का पौधा नागरिक अस्पताल के सामने वाली गली में अपने अपने नाम से लगाया। इस गली में एक भी पेड़ नही है जिस वजह से इन 3 पौधों को रोपित किया गया और कुछ दिन बाद 4 पौधे और भी लगाए जाएंगे । प्रदीप



अत्रि ने बताया कि ट्री मेन देवेंद्र सूरा की जनता नर्सरी से हमे पौधे मुफ्त में प्राप्त हुए जिसके लिए देवेंद्र सूरा का आभार व्यक्त किया ।

# पहली कलम से पहला काम किया अन्नदाता के नाम: मूलचंद शर्मा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा में प्रधानमंत्री बनते ही पहली कलम से पहला काम किया अन्नदाता के नाम पीएम निधि योजना के तहत किसानों को 17वीं किस्त जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद जिला में करीब साढे तीन करोड़ रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये डाली गई है।

# बिजली के अवैध कटों से लोग परेशान

## बिजली की स्थायी डिम आने से बिजली के उपकरण खराब होने का डर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना (भंवर सिंह)**

**सोमवार** की रात को बड़ौदा रोड व महम रोड स्थित गौतम नगर की बिजली रातभर गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग के अधिकारियों की वजह से घंटों बिजली गुल रहती है। पुरानी अनाज मंडी स्थित पटेल बस्ती में लोग एकत्र हुए और विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नियमित रूप से बिजली उपलब्ध दिए जाने की मांग की।

विजय मित्तल ने बताया कि पटेल बस्ती, पुरानी अनाज मंडी, बड़ौदा रोड की कॉलोनियों में कल रात को



बिजली बंद हो रही है। जिन लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात के अलावा दिन में भी लंबे समय तक अवैध कट लगते रहते हैं। पहले ही हिट वेव ने बुरा हाल कर रखा है। बिजली के अवैध कटों से परेशानी बढ़ती जाती है। लोगों के काम-धंधा भी मंडे हो जाते हैं। गौतम नगर निवासी श्री राजू जाटयान ने कहा कि एमआर स्कूल के आस-पास क्षेत्र में बिजली गुल है। बिजली आने से राहत नहीं, बल्की बिजली के उपकरण खराब होने का डर बना रहता है। उन्होंने पूरी तरह से बिजली देने और अवैध कटों पर अंकुश लगाने की मांग की। इस अवसर पर मोहनलाल गोयल राजेश जैन राम भगत मुकेश जांगड़ा सीताराम बजरंग गोयल मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरकार ने कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाए चलाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा है कि केंद्र व राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर व महिला कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। वे आज शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नल्हड़ नूंह के ऑडिटोरियम में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया है। कमजोर व पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नई-नई नीतियों को बनाकर उन्हें लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर एक बात यह दर्शाती है कि वह एक गरीब परिवार के बेटे हैं और उनका पूरा जीवन देश व गरीब के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रदूषण की बीमारी से बचाने के लिए देश में उज्ज्वला योजना लागू की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य करके पूरे देश में एक मिसाल प्रस्तुत की है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर किया रिहर्सल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर पुलिस लाईन ग्राउंड अम्बाला शहर में पूर्वाभ्यास किया गया। उपायुक्त डा. शालीन के मार्गदर्शन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की रिहर्सल का शुभारम्भ एसडीएम दर्शन कुमार ने दीपशिखा प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। योग करने से व्यक्ति का शरीर स्वस्थ रहता है और वह मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति का सावंर्गीण विकास होता है। उन्होने कहा कि हमारे लिए यह गर्व



की बात है कि योग के महत्व को आज पूरा विश्व जान चुका है और इसलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाईन ग्राउंड अम्बाला शहर में किया जायेगा। इसी तर्ज पर ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ नवीन आहुजा ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की फाईनल रिहर्सल प्रातः 6 बजे होगी। इस कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष और कर्मचारी भाग लें। उन्होंने कहा कि योगा दिवस कार्यक्रम में आमजन भी भाग लें। उन्होंने कहा कि योगा दिवस की फाईनल रिहर्सल में पुलिस, स्वास्थ्य, आयुष, स्कूली बच्चे, अध्यापक, नेहरू युवा केन्द्र, रैडक्रास, पंतजलि योग पीठ तथा भारतीय योग संस्थान सहित अन्य संस्थाएं और सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी समय पर पहुंचकर इसमें भाग लें।

इस अवसर पर मंच संचालन डा० संदीप मलिक द्वारा किया गया और आयुष विभाग से नीरू अग्रवाल, भारतीय योग संस्थान से विशाल वर्मा द्वारा प्रोटोकोल अनुसार योगाभ्यास

**योग क्रिया**

**योग, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया**

करवाया गया। उन्होंने योग, प्राणायाम व ध्यान की विभिन्न क्रियाओं के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसओ डा० प्रवीन कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पेयजल को तरसे वार्डवासियों ने नारेबाजी कर रोष जताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड 9 की महिला एवं पुरूषों ने करीब डेढ़ माह से पेयजल समस्या से परेशान होकर वार्डवासियों ने प्रशासन व सरकार को कोसते हुए पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी के नेतृत्व में नारेबाजी कर रोष जताया। रोष व्यक्त करी महिलाओं ने एसडीओं को शिकायत देकर कहा कि उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नही होती। उनका आरोप है कि आप्रेटर से समय पर पानी चलाने के लिए कहते है तो कहता कि पानी चलाने को कोई तय समय नही है। जिस कारण वे



रात को जागकर भी पानी आने का इंतजार करते है। पिछल्ले डेढ़ से पेयजल को परेशान है और 25 दिन से बिल्कुल पानी नही आया। परेशान महिलाओं ने कहा कि पेयजल को तरसे हुए जनस्वास्थय विभाग व सरकार को कोसती है। महिलाओं ने मांग की कि बुस्टिंग रेहड़ा बस्ती में पेयजल आपूर्ति वाली मोटर को छोटी कर दिया है। जिस कारण पानी नही आता। जिससे समस्या और बढ़ गई है। पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी व सभी महिलाओं का आरोप है कि विभाग उनकी कोई सुनवाई नही करता।

# पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच आतंकवादी ढेर

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच आतंकवादी मारे गये।पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान शुरू किया। बयान में कहा गया है कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्ज़ा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।




# अर्जेंटीना में डेंगू के 508,000 से अधिक मामले

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में इस साल अब तक डेंगू के 508,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.29 गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष के पहले 23 सप्ताहों में डेंगू के 508,867 मामले सामने आए, जो 2023 के 31वें सप्ताह में डेंगू की लहर के बाद से दर्ज किए गए कुल 526,030 मामलों का 96.7 प्रतिशत है।मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 61.6 प्रतिशत है, इसके बाद उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 23.1 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 13.1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अमेरिकी देश के 24 जिलों में से 19 में डेंगू फैल रहा है और इस मौसम में कुल 366 मौतें हुई हैं। मंत्रालय ने डेंगू से निपटने के लिये 15 से 39 वर्ष की आयु के लोगों के लिये टीकाकरण अभियान की घोषणा की है।



# इक्वाडोर में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के मध्य तुंगुरहुआ प्रांत में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा।इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा,हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण तीन पनबिजली संयंत्रों का संचालन भी बाधित हुआ है।



# चीन में भारी बारिश के कारण चार लोगों की मौत, दो लापता

**फुझाउ।** चीन के फुजियान प्रांत के वुपिंग काउंटी में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि 16 जून से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से वुपिंग काउंटी के लोंगयान शहर में सोमवार अपराह्न तक कुल 47,800 लोग प्रभावित हुए हैं। शांगहांग काउंटी के कई शहरों में लंबे समय तक भारी बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयीं और संचार एवं बिजली आपूर्ति में आंशिक व्यवधान हुआ।

# गाजा में इज़रायली सेना के हमले में आठ फ़िलिस्तीनी व्यापारी मारे गए

एजेंसी

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायल की ओर से किये गये हमले में सड़क के किनारे वाणिज्यिक ट्रकों का इंतजार कर रहे कम से कम आठ फिलिस्तीनी व्यापारी मारे गए।

गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों ने यह जानकारी दी है, लेकिन किसी भी आधिकारिक फिलिस्तीनी स्रोत ने आगे कोई विवरण नहीं दिया है। अभी तक, इजरायली सेना ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल की ओर से गाजा पट्टी में किये जा रहे हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या सोमवार तक 37,347 हो गई, जबकि 85,372 लोग घायल हुए हैं।

वहीं, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में उसका अभियान जारी है। आईडीएफ ने कहा, आईडीएफ सैनिक राफा के क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर लक्षित अभियान जारी रखे हुए हैं। आईडीएफ सैनिकों ने कई हथियार पाए और विस्फोटकों से लैस कई संरचनाओं पर हमला किया, जो बलों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। बयान में कहा गया, पिछले दिनों सैनिकों ने नजदीकी मुठभेड़ में सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया। इसके अलावा, सैनिकों के लिए खतरा बने और हमास द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई सैन्य ढांचे नष्ट कर दिए गए।



# इटली के तट पर नाव दुर्घटनाओं में 11 मरे, 60 लापता

एजेंसी

**रोम।** इटली के तटों के पास दो नाव दुर्घटनाओं में कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं।

इटली के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि इटली के तटों के पास प्रवासियों की दो नौकाओं के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के तट रक्षक द्वारा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में एक लकड़ी की नाव की खोज के बाद क्षेत्र में एक व्यापारी जहाज ने एसओएस कॉल किया, जिसके बाद प्रारंभिक बचाव कार्य शुरू किया गया। व्यापारी जहाज़ ने 12 लोगों को बचाया और इतालवी तट रक्षक जहाज़ के आने तक उनकी सहायता की। तट रक्षक के अनुसार, गंभीर चिकित्सा स्थितियों के कारण एक महिला की जहाज़ से उतरने के तुरंत बाद मृत्यु हो गई।

तट रक्षक ने एक बयान में कहा, नौका दुर्घटना के बाद लापता लोगों की तलाश जारी है। तट रक्षक ने बताया कि कि दो इतालवी गश्ती नौकाएँ और एक एटीआर42 विमान वर्तमान में तलाश अभियान में शामिल हैं, और जल्द ही चिकित्सा टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज़ क्षेत्र में उनके साथ शामिल हो जाएगा। सोमवार शाम तक कोई भी जीवित व्यक्ति नहीं मिला है।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में चिकित्सा विभाग के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 66 लोगों के मारे जाने की आशंका है, जिनमें 26 नाबालिग भी शामिल हैं। जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे।



# प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रभावशाली 'वार कैबिनेट' को किया भंग

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइली अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रभावशाली 'वार कैबिनेट' (युद्ध मंत्रिमंडल) को भंग कर दिया है, जिसे गाजा में युद्ध का संचालन करने का काम सौंपा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ के सरकार से बाहर चले जाने के बाद इस 'वार कैबिनेट' को भंग कर दिया गया।

बेनी गैंट्ज हमास के खिलाफ युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल की गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। गैंट्ज ने मांग की थी कि नेतन्याहू की सरकार में अति-दक्षिणपंथी सांसदों को दरकिनार करने के लिए एक छोटा मंत्रिमंडल बनाया जाए। गेंट्ज, नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट इसके सदस्य थे और उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इजराइली अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ इस बदलाव पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर नेतन्याहू संवेदनशील मुद्दों पर अपनी सरकार के कुछ सदस्यों के साथ छोटी-छोटी बैठकें करेंगे। नेतन्याहू के पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी गैंट्ज, दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद एकजुटता दिखाने के लिए सरकार में शामिल हुए थे।

उन्होंने नेतन्याहू के युद्ध से निपटने के तरीके पर निराशा जताते हुए इस महीने की शुरुआत में सरकार से इस्तीफा दे दिया था। आलोचकों का कहना है कि नेतन्याहू के युद्धकालीन निर्णय उनकी सरकार के अतिराष्ट्रवादियों से प्रभावित हैं, जो बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध विराम लाने वाले समझौते का विरोध करते हैं। उन्होंने गाजा पट्टी से फलस्तीनियों के स्वैच्छिक प्रवास और इस क्षेत्र पर फिर से कब्जा करने के लिए समर्थन व्यक्त किया है। नेतन्याहू ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह देश के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हैं।



# पार्क में गोलीबारी में दो बच्चों समेत आठ लोग घायल

एजेंसी

**दक्षिण कोरिया।** मंगलवार को दक्षिण कोरिया के सैनिकों की तरफ से सीमा पार करने पर चेतावनी देते हुए फायरिंग की है। समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई सैनिकों द्वारा सीमा के पास भारी सुरक्षा वाली सैन्य सीमांकन रेखा का उल्लंघन किया गया। जिसके बाद दक्षिण कोरिया की तरफ से चेतावनी दी गई। जानकारी के मुताबिक दर्जनों उत्तर कोरियाई सैनिकों ने आज सैन्य सीमांकन रेखा पार की और जब दक्षिण कोरिया ने चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई तो पीछे गट गए।

**20-30 उत्तर कोरियाई सैनिक ने पार की रेखा**

दक्षिण कोरियाई सेना के अनुसार सुबह लगभग 8ः30 बजे करीब 20-30 उत्तर कोरियाई सैनिकों ने सैन्य सीमांकन रेखा को पार किया। ये घटना इस महीने की दूसरी घटना है, जब उत्तर कोरियाई सैनिकों ने सीमा पार किया। आज की घटना के दौरान दक्षिण कोरियाई सैनिकों ने पहले चेतावनी दी फिर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई। जिसके बाद उत्तर कोरियाई सैनिक पीछे हटने पर मजबूर हुए। हालांकि इसके बाद मौके पर कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं देखी गई। बता दें कि सैन्य सीमांकन रेखा दोनों देशों को विभाजित करती है।

**पहले भी हुई थी सीमा पार की कोशिश**

पिछले 10 दिनों में दूसरी घटना है जब उत्तर कोरिया के सैनिकों ने सीमा पार करने कोशिश की है। इससे पहले करीब 7 दिन पहले भी उत्तर कोरिया के करीब 20-30 सैनिकों ने डीमिलिट्रलाइज्ड जोन पर दोनों देशों की सीमा को पार किया था। जिसके बाद वॉर्निंग देने के लिए साउथ कोरिया की सेना ने फायरिंग की थी। इस दौरान नॉर्थ कोरिया के सैनिक वापस लौट गए थे।

# पाकिस्तान सरकार ने इमरान खान की पार्टी को चेताया, राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करें

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार' को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देश नहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है। मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है। इसके साथ ही पार्टी को चेतावनी दी कि सरकार मित्र देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर देश विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी। खबर में कहा गया है कि प्रवक्ता ने पीटीआई से आग्रह किया कि वह अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और दुष्प्रचार को छोड़ दे तथा वैश्विक मंचों पर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने के बजाय समाधान पर विचार करने के लिए राजनीतिक मुद्दों पर सरकार के साथ बातचीत करे।



# न्यूजीलैंड में उड़ान के दौरान विमान के इंजन में लग गई आग, यात्रियों में मची खलबली

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। विमान के इंजन में आग लगने से यात्रियों में खलबली मच गई। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी।

ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

न्यूजीलैंड के अग्निशमन एवं आपात विभाग के पाली पर्यवेक्षक लिन क्रॉसन ने बताया कि क्वीन्सटाउन से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद विमान को इन्वरकार्गिल उतारा गया, जहां दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई। क्वीन्सटाउन हवाई अड्डे की प्रवक्ता कैथरीन निंड ने बताया कि इंजन में आग लगने का कारण और विमान में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं चल पाया है। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने ईमेल के जरिए बयान जारी कर बताया कि यह दुर्घटना संभवतः पक्षी के टकरा जाने के कारण हुई होगी।



# चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने ऑस्ट्रेलिया के साथ मतभेदों का उचित समाधान निकालने पर जताई सहमति

एजेंसी

**मेलबर्न।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दोनों देशों के बीच मतभेदों का 'उचित तरीके से समाधान निकालने' पर सहमति जताई है। ऑस्ट्रेलिया और चीन ऐसे दौर से उबर रहे हैं, जिसमें मंत्रियों के बीच संपर्क पर प्रतिबंध था और व्यापार बाधाओं के कारण ऑस्ट्रेलियाई निर्यातकों को प्रति वर्ष 20 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का नुकसान हो रहा था।

ली कियांग, अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की। ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे। यह सात वर्षों में किसी चीनी प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रेलिया की पहली आधिकारिक यात्रा है। ली, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बाद चीन के सबसे वरिष्ठ नेता हैं।

ली ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं को बताया, 'द्विपक्षीय संबंध सतत सुधार और विकास के सही रास्ते पर हैं।' ली ने कहा, 'हमने कुछ मतभेदों और असहमतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इन मतभेदों को उचित तरीके से सुलझाने पर सहमति बनी है। ' अल्बनीज ने चर्चा को 'रचनात्मक' करार दिया। अल्बनीज ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया इस बात की वकालत करता है कि हम सभी को क्षेत्रीय संतुलन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह मिलकर काम करना चाहिए, जहां कोई भी देश हावी न हो और किसी भी देश का वर्चस्व न हो। उन्होंने कहा, 'मैंने यह स्पष्ट कर दिया है कि अलग-अलग इतिहास, राजनीतिक व्यवस्था और मूल्यों वाले राष्ट्रों के रूप में, जहां तक संभव होगा हम चीन के साथ सहयोग करेंगे, जहां आवश्यक होगा असहमति जाहिर करेंगे और राष्ट्र हित में फैसले लेंगे।

ऑस्ट्रेलिया में नौ साल तक कंजर्वेटिव सरकार के सत्ता में रहने के बाद 2022 में अल्बनीज की मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के सत्ता में आने के समय से से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



# चारा खाने पर काट दिया ऊंट का पैर, छह आरोपी गिरफ्तार, दुबई से कृत्रिम पैर मंगाने की तैयारी

एजेंसी

**वेलिंगटन।** घटना बीते सप्ताह की है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर पोस्ट होने के बाद पशु अधिकार संगठनों और लोगों ने जमकर विरोध किया। आलोचना और विरोध के बीच लोगों ने सरकारी से जमींदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। ऊंट के मालिक किसान सूमर बेहन ने मामले की जानकारी तब तक पुलिस को नहीं दी जब कि मामला सोशल मीडिया पर प्रकाश में नहीं आया, जब तक विरोध शुरू नहीं हो गया। विरोध शुरू होन के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा किया गया। उसके बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने बताया, 'ऊंट को तुरंत कराची में व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा (सीडीआरएस) पशु आश्रय स्थल में ले जाया गया। ऊंट के लिए दुबई से कृत्रिम पैर मंगवाया गया है।

सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने पशु के उपचार का खर्च उठाने का वादा किया है। वहीं पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं। जाटोई ने कहा कि ऊंट का पैर ठीक हो रहा है। उसके उपचार में अगले चरण के लिए मंगलवार को उसका एक्स-रे किया जाएगा। सीडीआरएस बेनजी निदेशक सारा जहांगीर ने कहा कि आश्रय स्थल के कर्मचारियों ने ऊंट को प्यार से कैमी नाम दिया गया। उसको संक्रमण का खतरा लगातार बना हुआ है। उन्होंने कहा, ÷वह स्थिर है, लेकिन उसका पैर संक्रमित है।÷ 'उपचार में ड्रेसिंग, एंटीबायोटिक्स और IV द्रव लगाना शामिल है। संक्रमण को दूर रखने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि किसान ने अपराधी की पहचान करने और उसके खिलाफ आरोप लगाने से इनकार कर दिया। इसलिए राज्य की ओर से छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# ड्रैगन ने की जी7 की आलोचना, शिखर सम्मेलन के नेताओं पर लगाया चीन को बदनाम करने का आरोप

एजेंसी

**बीजिंग।**चीन ने इटली में हुए जी 7 शिखर सम्मेलन की आलोचना की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने जी 7 देशों पर ड्रैगन (चीन) से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल कर चीन को ही बदनाम करने का आरोप लगाया। जी7 शिखर सम्मेलन में चीन के बयान को लेकर लिन जियान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लिन जियान ने कहा, जी 7 सम्मेलन में नेताओं ने चीन से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल निंदा करने और चीन पर हमला करने के लिए किया। उन्हीं झूठे आरोपों का इस्तेमाल किया गया, जिसका कोई आधार नहीं है। यह केवल झूठ से भरे हुए हैं। उन्होंने जी 7 की आलोचना करते हुए कहा, यह दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। इन सात देशों में दुनिया की केवल 10 प्रतिशत आबादी रहती है। इन सभी तो एक साथ लाया जाए तो भी ये वैश्विक आर्थिक विकास में चीन से कम योगदान देते हैं।चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, जी 7 लंबे समय से अपने लक्ष्य से भटका हुआ है। यह अमेरिका और पश्चिमी देशों के वर्चस्व को बनाए रखने के लिए एक राजनीतिक टूल बन गया है। यह अपने नियम और फैसले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतरराष्ट्रीय नियम के उद्देश्य और सिद्धांत से ऊपर रखता है। लिन जियान ने जी-7 पर सैन्य युद्धाभ्यास और क्षेत्रीय हस्तक्षेप के माध्यम से तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। विशेष ग्रुप बनाकर विभिन्न गुटों को भड़काता है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करती है।

# पूर्व पीएम थकसिन पर चलेगा शाही परिवार को बदनाम करने का केस, 2006 में तख्तापलट से हुए थे बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** 18 साल पहले थाईलैंड की राजनीति से बेदखल किए पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिवनात्रा आज भी देश में एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती है। दरअसल थकसिन शिनावात्रा को थाईलैंड का सबसे सफल चुना हुआ नेता माना जाता है। तख्तापलट के जरिए सत्ता से बाहर किए जाने के बाद उनपर प्रतिबंध भी लगाया गया था। वहीं थकसिन ने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया था।

**थाईलैंड की राजशाही को बदनाम करने का आरोप**

पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा पर थाईलैंड की राजशाही को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से केस दर्ज कराया गया है। जो देश की राजनीति को अस्थिर करने वाले कई अदालती मामलों में से एक है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई। माना जा रहा है कि थकसिन एक कार में सवार होकर बैंकॉक के अपराध न्यायालय पहुंचे।

**न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने को तैयार शिवनात्रा**

हालांकि, थकसिन शिवनात्रा ने इस दौरान संवाददाताओं से नहीं मिले और ये भी स्पष्ट नहीं है कि वो न्यायालय गए थे या पास के अभियोजक कार्यालय में गए। उनके वकील विन्यात चैतमोंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि थकसिन न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं और उन्होंने जमानत पर रिहाई के लिए अर्जी भी तैयार कर ली है। थाईलैंड में राजतंत्र को बदनाम करने के लिए बनाए गए कानून के तहत किसी भी शख्स को तीन से 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। इस कानून को लेसे मैजेस्टे के नाम से जाना जाता है और ये दुनिया के इस तरह के सबसे कठोर कानूनों में से एक है। फिलहाल थाईलैंड में सरकार के आलोचकों को सजा देने के लिए इस कानून का इस्तेमाल काफी बढ़ रहा है।18 साल पहले थाईलैंड की राजनीति से बेदखल किए पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिवनात्रा आज भी देश में एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती है। दरअसल थकसिन शिनावात्रा को थाईलैंड का सबसे सफल चुना हुआ नेता माना जाता है।

# शिक्षा बोर्ड में योग प्रशिक्षण कार्यशाला व विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

विचार गोष्ठी

**कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० वी०पी०यादव ने की।**



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2024 के उपलक्ष्य में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा योग आयोग, पंचकुला द्वारा संयुक्त रूप से योग व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार व प्रसार के लिए योग प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहें।
कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० वी०पी०यादव ने की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से योग व प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ० मदन मानव एवं हरियाणा योग आयोग पंचकुला के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ० हरीश चन्द्र शामिल हुए ।
डॉ० मदन मानव ने अपने सम्बोधन में बताया कि योग हमारी संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। उन्होंने योग की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक महता बताई तथा प्रणायाम के आधारभूत नियमों एवं षटक्रम क्रिया के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इस दौरान योग व श्वसन प्रक्रिया से संबंधित कुछ सूक्ष्म क्रियाएं करवाई गई जिनका अधिकारी/कर्मचारी द्वारा लाभ उठाया गया।
इस अवसर पर डॉ० हरीश चन्द्र ने बताया कि योग से सभी दवाईयों से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को नियमित योग और प्राणायाम करना चाहिए और परिवार के सभी सदस्यों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए रिकार्ड समय में परीक्षा परिणाम घोषित करने पर पूरे बोर्ड प्रशासन को बधाई दी।
इस कार्यक्रम में बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी०पी०यादव ने ओम के उद्घोष से अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुए बताया कि नियमित योग करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और मनुष्य अनेक प्रकार की बीमारियों से भी दूर रहता है। उन्होंने बताया कि योग के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान संपन्न

अनुष्ठान

**- श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान हथेली पर जागृत ज्योति के दर्शन करके भक्त हुए निहाल**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसारः**
महाभारतकालीन साक्ष्यों को संजोने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में चल रहा 11 दिवसीय श्री श्याम ज्योति अनुष्ठान भव्य संकीर्तन के साथ संपन्न हुआ।
श्याम बाबा की पूजा व आराधना के साथ रात्रि संकीर्तन की शुरूआत हुई। इस संकीर्तन में बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा व हिसार के कई भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा की महिमा



सुनकर बहुत से श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे।
इस दौरान वाद्य यंत्र वादकों ने पूरे बीड़ बबरान धाम को सुरमयी बना दिया। श्रद्धालु मदमस्त होकर श्याम बाबा के जयकारे लगाने लगे। इस दौरान बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जगाई गई बाबा की ज्योति के भी भक्तों ने दर्शन किए।
बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मन्नतें मांगी। उन्होंने बताया कि हथेली पर जगाई गई ज्योति के दर्शन मात्र से ही कष्टों का निवारण होता है और जनकल्याण के निमित ही इसका आयोजन किया गया।
बीड़ बबरान धाम में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में स्थित महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के दर्शन किए। धर्म ग्रंथों के अनुसार इस पीपल के पत्तों को वीर बर्बरीक ने भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष एक ही तीर से भेद दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नायब के झूठे वायदों और दावों पर भरोसा ना करें युवा: डॉ अनिल रंगा



**जींद/नरवाना**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनिल रंगा ने मंगलवार को सीएम नायब सिंह के तीन महीने में 50 हजार नौकरी देने के वादे पर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम बीजेपी पिछले 5 साल में नहीं कर सकी। वो काम 3 महीनों में करने का वादा कर युवाओं को बरगलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 50 हजार पद देना हरियाणा सरकार के बस की बात नहीं है। पिछले 5 साल में बीजेपी सरकार ने पेपर लीक और पेपर रद्द करने के रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं और जनता ने बीजेपी को सिरे से नकार दिया है। सीएम नायब सिंह को हरियाणा में बीजेपी की हार साफ नजर आने लगी है। इसलिए सीएम नायब युवाओं को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश का युवा जाग चुका है। इसलिए विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता और युवा बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 182 सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 रिक्त हैं।सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है।कॉमर्स के 314, गणित के 195, बॉटनी के 118, केमिस्ट्री के 229, कंप्यूटर साइंस के 218 पद खाली पड़े है। बीजेपी सरकार ने प्रोफेसर की भर्ती की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। अब जल्द ही विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो जाएगी, चाहकर भी सरकार भर्ती नहीं कर सकती। बीजेपी लगातार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अब युवा विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से इसका जवाब देंगे।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने विस चुनावों के लिये कसी कमर : गोल्डी सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसारः** : भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की अहम बैठक जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में गोल्डी सैनी ने हाल में हुए लोक सभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग द्वारा पार्टी पक्ष में किये गए जी तोड़ प्रयासों की सराहना की व कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने बताया कि आज की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 21 जून को हवाई अड्डे का उद्घाटन किये जाने को लेकर पिछड़े वर्ग मोर्चा के जिला व मंडल पदधिकारियों की जिम्मेदारियां लगाई व मोर्चे के कार्यकताओं को अभी से विधानसभा चुनाव के लिए जी- जान से लग जाने के निर्देश दिए और कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाने की जिम्दारी पूर्ण रुप से पिछड़ा वर्ग के लोगों की है। आये हुए कार्यकताओं ने पूर्ण बहुमत से भाजपा की तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने की प्रतिज्ञा ली। बैठक में मुख्य रुप से जिला महामंत्री डॉ. देशराज बारबाला, जिला सचिव सतीश गिल, रतन सैनी, मास्टर विजेंदर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सैनी, अम्बिका प्रशाद, नरेश जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष राममेहर, चंद्र प्रकाश सोनी, रमेश पंवार, अशोक कुमार, धर्मवीर प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### श्रीशिव सेवक मंडल द्वारा अमरनाथ यात्रियों के लिये 20 को रवाना होंगे खाद्य सामग्री से भरे तीन ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
: श्रीशिव सेवक मंडल द्वारा हर वर्ष अमरनाथ यात्रियों के लिये लगाये जाने वाले भंडारे की कड़ी में इस वर्ष वर्ष पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में 13वां भंडारा लगाया जाएगा। भंडारे की शुरूआत 29 जून से की जाएगी जो लगातार 19 अगस्त तक चलेगा। भंडारे में रोजाना ढाई-तीन हजार लोगों के 24 घंटे खाने-पीने, ठहरने व मेडिकल सुविधा का प्रबंध किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि भंडारे के लिये खाद्य सामग्री से भरे तीन ट्रक 20 जून को प्रातः 8 बजे पंजाबी भवन, सेक्टर 14 से रवाना किये जाएंगे। रवानगी से पहले हवन किया जाएगा जिसमें शिवभक्त आहुति डालेंगे। इससे पहले अभी तक जम्मू कश्मीर में मंडल द्वारा 12 भंडारे लगाए जा चुके हैं। मंडल के प्रधान यश नागपाल के अलावा सेवादार रामबख्श असीजा, शम्मी नागपाल, डॉक्टर महिपाल मुंजाल, विजय कुमार गावड़िया, राजकुमार बजाज, प्रवीण कुमार वर्मा, जगदीश रहेजा, नीरज ढींगड़ा, शालू नागपाल, दिनेश हिंदुजा, डॉक्टर कबीर बजाज, पंडित नरेंद्र भार्गव, आदि सेवा के लिये भंडारे में जाएंगे।

## सचखंड एक्सप्रेस में आग की अफवाह से भगदड़, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत जिले में हरसाना रेलवे स्टेशन के पास सोमवार रात को सचखंड एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद मची भगदड़ में दो युवकों की मौत हो गई। खेतों में लगी आग का धुआं ट्रेन तक पहुंचने से यह अफवाह फैल गई कि ट्रेन में आग लग गई है। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी गई। मंगलवार को रेलवे पुलिस इस घटना की जांच में जुटी रही।
आग लगने की सूचना के साथ ही यात्री जल्दी-जल्दी ट्रेन से उतरने लगे।

# नव चयनित एचसीएस नीतीश सेलपाड़ के स्वागत में उमड़ा तलवंडी राणा

भव्य स्वागत

**हरियाणा के पहले ऑक्सीजन जोन विलेज में अपने लाडले के अनोखे अंदाज से किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया/बरवाला-हिसार** हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ का सोमवार रात को गांव तलवंडी राणा में भव्य स्वागत किया गया। उसे 201 मोटरसाइकिल एवं दो दर्जन वाहनों के काफिले के साथ गांव में लाया गया। ध्यान हो कि नीतीश सेलपाड़ का बीते शुक्रवार हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) के लिए चयन हो गया था, मगर नीतीश यूपीएससी की प्राथमिक परीक्षा के लिए उस समय चण्डीगढ़ गया हुआ था। सोमवार रात को नीतिश सेलपाड़ को धरना स्थल से लेकर गांव से चारों तरफ खुली गाडि ?ों व वाहनों के काफिले के साथ घुमाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत व सेन परिवार के लोगों ने तय किया कि उसके एचसीएस लगने की खुशी में प्रत्येक घर मिठाई व पेड़-पौधों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ व सरपंच दयाल सिंह मोलिया व रामबाग समिति के उपाध्यक्ष सारदूल वर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने हर घर एक पौधा अभियान का शुभारंभ भी नीतिश सेलपाड़ के हाथों से करवाया। इस दौरान नव चयनित नीतीश सेलपाड़ ने गांव को हरा भरा करने के लिए ग्रामीणों को संकल्प भी दिलवाया।
इससे पहले दो-तीन दिनों से ग्रामीण नीतीश सेलपाड़ के स्वागत की तैयारियों में लगे हुए थे। पूर्व पंच जगदीश रावत ने जहां उसे देसी घी का चूरमा खिलाया, वहीं दर्जनों महिलाओं ने उसे मुर्रा नस्ल की भैंस का दूध पिलाया। इस अवसर पर जिला पार्षद ओमप्रकाश मोलिया, पूर्व जिला पार्षद वीरमति इंसा, ब्लॉक समिति सदस्य सूबेदार गंगाराम, पंच बलवंत खटाना व दूसरे पंच-सरपंचों ने कहा कि उनके गांव के पहले एचसीएस बनकर नीतीश सेलपाड़ ने युवाओं को प्रेरित करने का काम किया है। इस दौरान तलवंडी राणा व जुगलान व धांसू सहित आधा दर्जन गांवों के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।
तीन वर्षों में बीस ऑफिसर होंगे तैयार:-
हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छट्ठा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ के पिता व केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने इस दौरान ग्रामीणों से वायदा किया कि गांव के बीस बेटे व बेटियों को इस प्रकार ऑफिसर बनाने के लिए वो तन,मन व धन से मदद करेंगे।

# गुरुग्रामः हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में मिलेगा ठंडा पानी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा राज्य परिवहन ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी डिपो को मंगलवार को आदेश जारी किए हैं कि बसों में यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए।
यात्रियों को चलती बस में पानी नहीं मिलता। गर्मी बहुत अधिक है। इसका खास ख्याल रखा जाना चाहिए।
हरियाणा राज्य परिवहन के निदेशक की ओर से हरियाणा के सभी डिपो महाप्रबंधकों (जीएम) को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी बहुत है। लगातार तापमान बढ?





से गर्मी का स्तर भी बढ़ता जा रहा है। जिस कारण बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को परेशानी हो रही है। गर्मी में लगातार पानी की जरूरत पड़ती है। कई बार ऐसे स्थान भी होते हैं, जहां पर पानी की व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में हरियाणा राज्य परिवहन के निदेशक ने यात्रियों की इस समस्या को गंभीरता से लिया है। उनकी ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि हरियाणा राज्य परिवहन की सभी डिपो की बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि यात्रियों को पानी के अभाव में परेशानी का सामना ना करना पड़े। यह व्यवस्था तुरंत प्रभाव से की जाए।
सभी चालक-परिचालकों को भी निर्देश जारी करें, ताकि यात्रियों को गर्मी में पानी की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## पलवल : तलाक केस की सुनवाई के बाद,बाहर की धुनाई

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
मंगलवार को यहां अदालत में तलाक के केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट में पति ने पत्नी के साथ गाली-गलौज कर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। जज ने व्यक्ति को कोर्ट रूम से बाहर निकाल दिया। इसके बाद उसने पार्किंग में पत्नी के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार गीता कॉलोनी निवासी श्वेता जैन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका अपने पति इवान जैन से तलाक का मुकदमा अदालत में चल रहा है।

# गुरुग्रामः सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदमः डा. नरहरि सिंह बांगड़



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत पूरे निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। वे मंगलवार को सुबह के समय विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे।
निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ सुबह 6 बजे यूएलबी के अतिरिक्त निदेशक (मुख्यालय) वाईएस गुप्ता के साथ क्षेत्र में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले जोन-2 क्षेत्र के सिविल लाइंस में जिला सैनिक बोर्ड के पास स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वे जोन-1 क्षेत्र के शिवाजी पार्क व खांडसा पहुंचे। अधिकारियों ने हीरो होंडा चौक से सुभाष चौक का निरीक्षण करने के दौरान वरिष्ठ सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि स्वच्छता कर्मियों के लिए शौचालय व पीने के पानी आदि की व्यवस्था करवाएं।
उन्होंने क्षेत्र में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों से भी बातचीत की तथा उनकी शिकायतों व समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद वे जोन-3 क्षेत्र के एमजी रोड पर पहुंचे। यहां पर वार्ड की इंचार्ज एचएसवीपी की एस्टेट ऑफिसर बेलिना ने निगमायुक्त व अतिरिक्त निदेशक को स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति तथा कचरा उठान कार्य की जानकारी दी। निगमायुक्त ने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ एवं बेहतर शहर बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पिछले दिनों से एक विशेष अभियान के तहत मुख्य सडकों, गारबेज वर्नेबल प्वाइंटों से कचरा उठाने के साथ ही वहां की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इधर-उधर कचरा ना फैलाएं।

# हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से संगीत नृत्य उत्सव संपन्न

विशेषता

**विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। अनेक वेशभूषा, बोली, लोक संस्कृति देश की विशेषता है**





**विविधता** में एकता ही भारत की पहचान है। अनेक वेशभूषा, बोली, लोक संस्कृति इस देश की विशेषता है। भारत की एकता और अखण्डता के लिए देश के विभिन्न राज्यों की लोक कला एवं संस्कृति से रुबरु होना जरुरी है। इसी प्रकार कला और संस्कृति से आमजन को रुबरु करवाने के लिए चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी और हरियाणा कला परिषद द्वारा हरियाणवी संगीत नृत्य उत्सव आयोजित किया गया। जिसके समापन पर हरियाणा के साथ-साथ चंडीगढ़ के कलाकारों ने पंजाब की सांस्कृतिक झलक दिखाई। इस अवसर पर चंडीगढ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्मा व हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने सर्वप्रथम हरियाणवी लोक कलाकार रविशंकर शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्वांजलि देते हुए कहा कि संस्कृति को सहेज कर रखना तथा उसका संवर्धन करना एक कलाकार की पहचान होता है। लोक कलाकार सदैव अपनी प्रतिभा तथा हुनर से अपने प्रदेश की संस्कृति का परिचय देते हैं। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जानी वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां न केवल उनके प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति का बखान करती है, अपितु उस प्रदेश के सामाजिक परिवेश का भी दर्शन कराती हैं। ऐसी ही प्रतिभा के धनी थे जींद निवासी रविशंकर शर्मा, जो लम्बे समय से हरियाणवी संस्कृति को सहेजने में प्रयासरत रहे। चण्डीगढ़ में आयोजित चार दिवसीय हरियाणवी संगीत नृत्य उत्सव में रोहतक निवासी डा0 कैलाश वर्मा द्वारा भजन और गजलों की प्रस्तुतियां दी गई।

# टीएचडीसीआईएल द्वारा टिहरी में 27 वें आईसीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की टिहरी परियोजना, उत्तराखंड में 27वें अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम (आईसीपीएसयू) कैरम टूर्नामेंट का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के तहत पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के सम्मानित बैनर तले यह पांच दिवसीय कैरम टुनार्मेंट 18 जून से 22 जून, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है. इस दौरान विभिन्न रोमांचक मैचों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने पावर सेक्टर



की विभिन्न पीएसयू जैसे विद्युत मंत्रालय (एमओपी), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) सहित कुल 12 टीम्स जैसे भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी), नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी), ग्रिड इंडिया, सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल), नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको), पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल), दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) एवं मेजबान टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) की टीम की प्रतिभागिता की सराहना की। श्री विश्नोई ने प्रतिभागी टीमों के मध्य एकता, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को बढ़ावा देने में टूनार्मेंट के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को निष्पक्ष खेल और सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए, इस बात पर बल दिया कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों को उनकी पेशेवर भूमिकाओं के अतिरिक्त अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विशेष मंच प्रदान करते हैं।
श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) और टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस 05 दिवसीय टूनार्मेंट का उ?द्घाटन किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और देशभक्ति की भावना में वृद्धि हेतु खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय रूप से समर्थन और भाग लेने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कर्मचारियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथही कार्यस्थल पर मनोबल बढ़ाने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

# यमुनानगरः पत्नी से विवाद के चलते व्यक्ति ने लगाया फंदा, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
पत्नी से अलग रह रहे एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना रामपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सुभाष नगर निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार की तीन साल पहले फर्कपुर निवासी महिला के साथ प्रेम विवाह हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसका केस कोर्ट में विचाराधीन है। वह पिछले आठ



महीने से उससे अलग रह रही थी। वह इसी को लेकर परेशान चल रहा था। सोमवार की रात को वह काम पर से आया और खाना खाकर ऊपर छत पर बने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह जब वह सो कर नहीं उठा तो परिजन ने आवाज लगाई, लेकिन उसके कमरे से कोई आवाज नहीं आई। उसके बाद जब कमरे में जाकर देखा तो सुशील पंखे पर लटका हुआ था। रात को उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रामपुरा थाना के जांच अधिकारी निर्मल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।
शव को फंदे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजन को सौप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 19 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## अब तय समय में करना होगा शिकायतों का समाधान

**हिसार:** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन समाधान शिविर में आने वाली कुछ शिकायतों का समय सीमा में निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्या समाधान में अनावश्यक देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जन-शिकायतों को सुन रहे थे। उन्होंने गांव पेटवाड़ के ग्रामीणों द्वारा न्यू बास माइनर पर सिंचाई नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने की शिकायत पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य शुरू करवाना सुनिश्चित करें। गांव सरसौद के कुछ लोगों ने जलापूर्ति पाइप लाइन की लीकेज को ठीक करवाने की मांग पर उपायुक्त ने शीघ्र पाइप लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने गांव फरीदपुर के तालाब की साफ सफाई करवाने तथा गांव पातन में जलापूर्ति की शिकायत का समाधान करने के निर्देश दिए। गांव सुलचानी के ग्रामीणों ने महात्मा गांधी बस्ती योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिलवाने की मांग करते हुए मामले की विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त को अवगत करवाया कि गांव में इस योजना के 184 पात्र परिवार हैं। इन पात्र परिवारों में से 152 परिवारों के प्लॉटों की रजिस्ट्री भी उनके नाम हो चुकी है। शेष 32 पात्र परिवारों को प्लॉट अलॉट नहीं हुए हैं। उपायुक्त ने इस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेष पात्र परिवारों को प्लॉट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। गांव फरीदपुर में चौकीदार द्वारा पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मामले की जांच करें और अवैध कब्जा पाए जाने पर तुरंत हटाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में आजाद नगर निवासी गुणपाल द्वारा विकास शुल्क अधिक आने पर इसे दुरूस्त करवाने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। नारनौंद निवासी रामकुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि न मिलने की शिकायत रखी। उपायुक्त ने शिकायतकर्ता की लैंड सीडिंग का कार्य पूर्ण करवाते हुए समस्या का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व मकसूद अहमद, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसडीएम जयवीर यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एडीआईओ ज्योति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 369 सीएम राइज स्कूलों का संचालन आरंभ: सीएम

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'स्कूल चलें हम अभियान 2024' का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज स्कूलों का संचालन आरंभ कर दिया है। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय बिल्डिंग, स्मार्ट क्लास, डिजिटल टीचिंग, निःशुल्क वाहन सुविधा, एक्सपोजर विजिट के साथ-साथ अन्य आधुनिक संसाधनों की सुविधा विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। अन्य विद्यालयों में भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 416 विद्यालयों में पीएमश्री योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इन सुविधाओं का अन्य शालाओं में भी विस्तार होगा। प्रदेश के विद्यार्थी महापुरूषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के पथ पर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2024 के शुभारंभ



अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत:** शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने शाला में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दुलार कर, तिलक लगाकर व पुस्तकें भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुपर-100 योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 में जेईई एडवासं में आईआईटी में प्रवेश लेने वाले शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ग्राम सालीचौका जिला नरसिंहपुर के पवनराय, ग्राम रक्सहाकलॉ जिला रीवा के शीतल सिंह, सतना जिले ग्राम अतरार के साहिल पाल, भोपाल के रविराज विश्वकर्मा का सम्मान भी किया।

**भगवान श्रीकृष्ण ने शाला स्तर पर ज्ञानार्जन और मित्रता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यालय संचालन के साथ-साथ विद्यालय के परिवेश के बारे में सोचना और उसे बेहतर बनाना आवश्यक है। विद्यालय विद्यार्थियों को ऐसा परिवेश और मार्गदर्शन दें, जिससे वे कठिन परिस्थितियों में भी श्रेष्ठ ज्ञान और शिक्षा प्राप्त करते हुए नैतिक मूल्यों के साथ लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने गुरूकुल में अपनी प्रतिभा और योग्यता के बल पर विभिन्न विद्याओं और कलाओं में दक्षता अर्जित की, साथ ही दुनिया के सामने मित्रता का भी श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत किया। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगियों परीक्षाओं की तैयार के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ की गई सुपर-100 योजना का विस्तार सभी संभागों तक किया जाना आवश्यक है।

### स्कूल शिक्षा स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के क्रियान्वयन में प्रदेश अग्रणी रहेगा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि शासकीय विद्यालयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विद्यालय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सफल जीवन जीने की प्रेरणा और अनुभव प्रदान करने के भी महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश की सभी व्यवस्थाओं में सुधार हो रहा है। इसी क्रम में लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का सकारात्मक प्रभाव हमारी वर्तमान पीढ़ी में परिलक्षित होगा। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में देश में अग्रणी रहा है। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर कर मध्यप्रदेश देश में आगे रहेगा।

# ग्राम्य विकास मंत्री ने परखी योजनाओं की प्रगति

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। मंगलवार को अपने शासकीय कार्यालय पर हुई बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उत्तराखंड राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कर्मचारियों के वेतन वृद्धि में विसंगतियों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए और अतिशीघ्र जिला स्तर तथा ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों के उचित मानदेय व शीघ्र जिओ जारी करने को भी कहा।

**आदिकैलाश व कैंची धाम में भी लगेंगे एनआरएलएम के स्टॉल:** ग्राम्य विकास मंत्री ने लखपति दीदी योजना के बारे में जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि चारधाम यात्रा रूट पर एनआरएलएम के 122 आउटलेट लगाए गए हैं। मंत्री ने आदिकैलाश, कैंची धाम में भी स्टॉल लगाने के निर्देश दिए हैं।

**पीएमजीएस:** मंत्री ने अधिकारियों से पीएमजीएसवाई के सड़कों के निर्माण की भी जानकारी ली। मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 104 सड़कों के निर्माण के लिए पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों के निर्माण से संबंधित सभी की टेंडरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शीघ्र उनकी स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई में सड़कों के निर्माण में उत्तराखंड देश में नंबर वन है। मंत्री ने हाउस आफ हिमालय के संबंध में भी अधिकारियों को उसकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**दावा**

▸▸ मिशन के तहत कर्मचारियों के वेतन वृद्धि में विसंगतियों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए

# कृषक उत्पादक सेल गठित करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की कृषि उत्पादकता को नए आयाम देने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश को देश के फूड बास्केट के तौर पर विख्यात करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के अन्नदाता किसानों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की प्रगति व प्रशस्ति का मार्ग सुनिश्चित कर रही योगी सरकार अगले तीन महीने मिशन मोड में अभियान चलाने जा रही है। सीएम योगी की मंशा के



अनुसार प्रदेश में सक्रिय एफपीओ के ऑनलाइन पंजीयन, ऑनलाइन मार्केटिंग प्लैटफॉर्म से जोड़ने व लाइसेंसिंग तथा इक्विटी ग्रांट समेत तमाम प्रक्रियाओं के सरलीकरण की प्रक्रिया को क्रियान्वित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कृषक उत्पादक सेल का भी गठन किया जाएगा।

**फूड बास्केट**

▸▸ ओएनडीसी तथा ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को मिलेगी गति, सीएम योगी की मंशा के अनुरूप तैयार की गई

योगी सरकार द्वारा कृषि विभाग को सक्रिय किसान उत्पादक संगठनों को सुदृढ़ करने और उन्हें ओएनडीसी तथा ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया गया है।



राजस्थान के मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से की मुलाकात।

### गर्मी से बढ़ती मांग के बीच उत्पादन संयंत्रों को किया सतर्क

**नई दिल्ली:** बिजली मंत्रालय ने मंगलवार को सभी उत्पादन संयंत्रों से बिजली की मांग बढ़ने से उच्च स्तर की मुस्तैदी को बनाए रखने को कहा है। मंत्रालय ने गर्मियों में बढ़ती मांग के दौरान पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम भी उठाया है।

# भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** में पर्यटन की असीमित संभावनाओं को तलाश कर उसे गति देने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में बौद्ध तीर्थ पर्यटन को बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयास करने जा रही है। प्रदेश में ख्याति प्राप्त बौद्ध तीर्थ स्थलियों पर देश-विदेश से तीर्थयात्री, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार 28 जून को 'द बोधि यात्रा 2024' नाम के कार्यक्रम का नई दिल्ली में आयोजन करने जा रही है। इस एक दिनी कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के बौद्ध विरासत स्थलों के माध्यम से भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा अनुसार उ.प्र पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में बौद्ध कला-संस्कृति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के योगदान और उत्तर प्रदेश से भगवान बुद्ध के जुड़ाव



**स्मृति**

▸▸ बौद्ध विरासत स्थलों के माध्यम से भगवान बुद्ध की स्मृति में 'द बोधि यात्रा 2024' का नई दिल्ली में होगा आयोजन

व महत्व को विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियों के जरिए दर्शाया जाएगा।

**देश-विदेश से अतिथियों का होगा कार्यक्रम में आगमन:** माना जा रहा है कि कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए देश-विदेश से अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा उनके सम्मान में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'द बोधि यात्रा' कार्यक्रम के दौरान इंटरैक्टिव व क्लचरल सेशन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के 5 सितारा होटल में किया जाएगा जिसका जल्द ही निर्धारण हो जाएगा। माना जा रहा है कि कार्यक्रम में 400 से ज्यादा विजिटर्स भाग ले सकते हैं और इसी अनुरूप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग कार्यक्रम के दृष्टिगत अपनी तैयारियों को अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्यरत है।


# अब तय समय में करना होगा शिकायतों का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन समाधान शिविर में आने वाली कुछ शिकायतों का समय सीमा में निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्या समाधान में अनावश्यक देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जन-शिकायतों को सुन रहे थे। उन्होंने गांव पेटवाड़ के ग्रामीणों द्वारा न्यू बास माइनर पर सिंचाई नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने की शिकायत पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य शुरू करवाना सुनिश्चित करें। गांव सरसौद के कुछ लोगों ने जलापूर्ति पाइप लाइन की लीकेज को ठीक करवाने की मांग पर उपायुक्त ने शीघ्र पाइप लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने गांव फरीदपुर के तालाब की साफ सफाई करवाने तथा गांव पातन में जलापूर्ति की शिकायत का समाधान करने के निर्देश दिए। गांव सुलचानी के ग्रामीणों ने महात्मा गांधी बस्ती योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिलवाने की मांग करते हुए मामले की विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त को अवगत करवाया कि गांव में इस योजना के 184 पात्र परिवार हैं।


# उत्तराखंड में आग उगल रहा सूरज

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड भी मैदानी क्षेत्रों की तरह भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। इस वजह से प्रदेश के लोगों की हालत खराब है। कई इलाकों का तापमान 40 डिग्री से अधिक चला गया है। ऐसे में लोग अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ तक तपिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। मैदानी क्षेत्रों में पारे ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। लू के थपेड़ों से आमजन बेहाल हैं। लगातार 10 दिनों से मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जो कि सामान्य से छह से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है। मंगलवार दोपहर तीन बजे दून में अधिकतम तापमान 41 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने के बजाय पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। मैदानी क्षेत्रों में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की गई है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने उत्तराखंड में 19 जून को बारिश की संभावना जताई है। उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में तापमान छह से नौ डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है।

# बिहार: 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल ढहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया:** बिहार में अररिया जिले के सिकटी अन्तर्गत पड़रिया में बकरा नदी पर कुल 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल मंगलवार को बकरा नदी में समा गया।पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया। पुल के नदी में समाने को लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया। सांसद और विधायक ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि पुल की पाइलिंग में गड़बड़ी बरतने



के साथ रात में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता विहीन काम करने का नतीजा है पुल का गिरना। सांसद ने मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम के साथ कराने के साथ जिम्मेवार संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। पुल निगम के अधिकारी इस बाबत कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने संवेदक द्वारा रात के अंधेरे में पुल का निर्माण व पाइलिंग कार्य किये जाने की बात करते हुए कहा कि पुल का अगर पाइलिंग सही होता तो उसका तीन से चार पाया बकरा नदी के गर्भ में नहीं समाता।

**घोटाले की बू**

▸▸ सांसद और विधायक ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया

# 2.86 करोड़ भक्तों ने बाबा के दरबार में लगाई हाजिरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या और आय में रिकॉर्ड वृद्धि होती जा रही है।

श्री बाबा विश्वनाथ के दरबार में सुगमता से दर्शन और सुविधाओं के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। अन्य शहरों से अच्छी कनेक्टिविटी ने भी काशी का समग्र विकास करते हुए धार्मिक पर्यटन को बढ़ाया है। जनवरी से मई 2023 (पांच महीने) के सापेक्ष 2024 में इस अवधि में शिव भक्तों की संख्या में 48.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं इस अवधि के दौरान बाबा की आय में भी 33 फीसदी का इजाफा हुआ है।

**बाबा की आय में भी हुई 33 फीसदी की वृद्धि:** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के दिव्य और भव्य निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि 1 जनवरी से 31 मई 2023 तक 1,93,32,791 ( एक करोड़ तिरानवे लाख बत्तीस हजार सात सौ इक्यानबे) श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन किया था, जबकि वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 मई तक कुल 2,86,57,473 (दो करोड़ छियासी लाख सत्तावन हजार चार सौ तिहत्तर) श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के चौखट पर हाजिरी लगाने पहुंचे। 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में 9,324,682 ( तिरानबे लाख चौबीस हजार छह सौ बयासी) श्रद्धालु अधिक पहुंचे। मिश्र के मुताबिक इस अवधि के दौरान बाबा की आय में भी 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**रिकॉर्ड वृद्धि**

▸▸ 2023 के पांच महीने के सापेक्ष 2024 में लगभग 50 प्रतिशत अधिक भक्त पहुंच दरबार

एमओयू

## एमओयू से मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# सेमीकंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र में प्रगति के नए द्वार खुलेंगे: डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन** यादव ने कहा है कि विश्व में सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों, शोधकताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने ताइवान के छह अलग-अलग विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है। राज्य सरकार की हरसंभव कोशिश होगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध प्रगाढ़ हों और शासन स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन में कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर इंदौर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ कार्यक्रम को समत्व भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में इन्दौर में आई-शु यूनिवर्सिटी ताइवान तथा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए साथ ही विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद तथा भारत रत्न अटल



बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

**जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन वर्तमान परिदृश्य में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारी संस्कृति पर्यावरण के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए हमें प्रेरित करती है, हमारे वेद यह शिक्षा देते हैं कि जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर नवाचार करने में अग्रणी रहा है इस उद्यमशीलता के लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है। पर्यावरण की दृष्टि से मध्य प्रदेश पर्याप्त संपन्न है। विश्व के सम्मुख मौजूद पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी हर स्तर पर प्रयास कर रही है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण और जन-जन में पर्यावरण की प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के अनेक बिंदु समाहित हैं।

**इन्दौर में लगाये जायेंगे 51 लाख पौधे:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में राज्य सरकार ने साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का प्रण किया है। इस अभियान में इंदौर में भी 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए एक पखवाड़े तक चलाया गया अभियान पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा और प्रदेशवासियों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

**नवाचार**

▸▸ उद्यमशीलता के लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है। पर्यावरण की दृष्टि से मध्य प्रदेश पर्याप्त संपन्न है: सीएम